हिंदी दैनिक

# नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 नागपुर, बुधवार, 19 फरवरी 2025 अंक 128/ वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-

**शिवाजी महाराज जयंती**



"जो मनुष्य समय के कुद्रक में भी पूरी शिद्दत से अपने कार्यों में लगा रहता है, उसके लिए समय खुद बदल जाता है।"

नागपुर मेट्रो समाचार की ओर से शिवाजी महाराज जयंती की शुभकामनाएं।
- संपादक

# गल्फ में भारत का बड़ा सहयोगी है कतर

"कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी दो दिन की भारत यात्रा पर आए हुए हैं. उनका आज राष्ट्रपति भवन में भव्य स्वागत किया गया. आइए देखते हैं कि भारत-कतर के रिश्ते कितने पुराने हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने इसे कितनी ऊंचाई दी है."

### द्विपक्षीय कारोबार को दुगुना कर 28 अरब डॉलर तक ले जाएंगे भारत-कतर



**नई दिल्ली.** भारत और कतर ने मंगलवार को अपने संबंधों को और मजबूत करने पर सहमति जताते हुए कहा कि दोनों देश अगले पांच साल में द्विपक्षीय कारोबार को दोगुना कर 28 अरब डॉलर तक ले जाएंगे। दोनों देशों ने अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाने पर सहमति जताई। भारत और कतर के बीच इसी सिलसिले में एक समझौते का भी आदान-प्रदान हुआ। फाइनेंशियल एक्सप्रेस की खबर के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी के बीच नई दिल्ली में हुई बैठक के बाद इस निर्णय की घोषणा की गई। खबर के मुताबिक, भारत में कतर का निवेश अब 1.5 अरब डॉलर से ज्यादा हो गया है। कतर का यहां टेलीकॉम, रिटेल और बुनियादी ढांचे में निवेश शामिल है। कतर के हालिया निवेशों में रिलायंस रिटेल वेंचर्स में 1 अरब डॉलर और 2023 में इंडोस्पेस लॉजिस्टिक्स पार्क्स में 393 मिलियन डॉलर शामिल हैं। मौजूदा समय में दोनों देशों के बीच व्यापार लगभग 15 अरब डॉलर का है। दोनों देशों के बीच चर्चा में भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर और कतर के विदेश मंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन जसीम अल थानी सहित प्रमुख अधिकारियों ने भाग लिया और व्यापार, प्रौद्योगिकी और ऊर्जा सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को व्यापक बनाने के तरीकों पर भी चर्चा की।

### ऊर्जा पर भी दोनों देशों के बीच हुई बात

ऊर्जा द्विपक्षीय संबंधों का एक मुख्य स्तंभ रहा है। कतर भारत के तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) और तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) के सबसे बड़े सप्लायर्स में से एक है। बातचीत के दौरान दोनों नेताओं ने ऊर्जा सहयोग को और बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। कतर की सरकारी स्वामित्व वाली कतर एनर्जी ने फरवरी 2024 में भारत के पेट्रोनेट एलएनजी के साथ अपने दीर्घकालिक एलएनजी आपूर्ति समझौते को बढ़ाया, जिसकी अनुमानित कीमत 78 बिलियन डॉलर है, जो 2048 तक चलेगा।



### भारत-जीसीसी एफटीए पर चर्चा हुई

विदेश मंत्रालय में सीपीवी और ओआईए के सचिव अरुण कुमार चटर्जी ने सवालों के जवाब में कहा कि दोनों पक्षों ने भारत-जीसीसी एफटीए पर चर्चा की और भविष्य में द्विपक्षीय स्तर पर एफटीए की संभावना पर विचार कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि बैठक के दौरान ऊर्जा सुरक्षा पर भी चर्चा की गई, जिसमें इस बात पर ध्यान केंद्रित किया गया कि इसे कैसे व्यापक बनाया जाए। दोनों पक्षों ने आय पर करों के संबंध में दोहरे कराधान से बचने और राजकोषीय चोरी को रोकने पर सहमति व्यक्त की।

## महाकुंभ नहीं, ये मृत्यु कुंभः सीएम ममता बनर्जी



**कोलकाता.** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में जारी महाकुंभ को लेकर विवादित बयान दिया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने महाकुंभ को मृत्यु कुंभ बताया है। ममता बनर्जी ने कहा कि ये अब महाकुंभ नहीं रहा, मृत्यु कुंभ हो गया है। ममता बनर्जी ने विधानसभा में बोलते हुए सरकार पर महाकुंभ में कोई इंतजाम नहीं करने का आरोप लगाया है।

आइए जानते हैं कि ममता बनर्जी ने और क्या कुछ कहा है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने महाकुंभ को लेकर कहा कि ये अब महाकुंभ नहीं रहा। मृत्युकुंभ हो गया है। महाकुंभ के प्रति पूरा सम्मान, श्रृद्धा है। पवित्र मां गंगा के प्रति पूरा सम्मान है लेकिन इन्होंने क्या किया। कोई प्लानिंग नहीं की, सिर्फ हाईप क्रिएट की, कितने लोगों की मौत हो गई है। ममता बनर्जी ने कहा कि वो महाकुंभ और मां गंगा का सम्मान करती हैं लेकिन हकीकत ये है कि सरकार ने कुंभ के लिए कोई इंतज़ाम नहीं किए। इसलिए इतने लोगों की मौत हुई।

## भिंड में हुआ बड़ा सड़क हादसा

### 7 लोगों की हुई दर्दनाक मौत

**भिंड.** मध्य प्रदेश के भिंड में आज मंगलवार की सुबह-सुबह एक बड़ा सड़क हादसा हो गया है। यहां बहन के घर शादी समारोह से लौट रहे एक परिवार को तेज रफ्तार डंपर ने रौंद दिया, जिसमें 7 लोगों की जान चली गई और एक दर्जन से अधिक घायल बताए जा रहे हैं। घटना भिंड के देहात थाना क्षेत्र के जवाहरपुरा की है, यहां भिंड कलेक्ट्रेट में काम करने वाले गिरीश नारायण अपने परिवार के साथ बहन के घर शादी समारोह में भात देने गए थे। सुबह वापसी के दौरान एक तेज रफ्तार डंपर ने सवारी से भरे पिकअप वाहन में टक्कर मार दी।

मध्य प्रदेश के भिंड जिले में मंगलवार सुबह बड़ा सड़क हादसा हो गया जिसमें एक तेज रफ्तार डंपर ने सवारी से भरे पिकअप वाहन में टक्कर मार दी, जिसमें 7 लोगों की मौत हो गई। 5 ने मौके पर ही दम तोड़ दिया जबकि 2 की मौत इलाज के दौरान हो गई। वहीं 7 गंभीर घायलों को ग्वालियर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। कुल एक दर्जन से अधिक घायल हैं। घटना नेशनल हाईवे 719 पर देहात थाना क्षेत्र के जवारपुर गांव के पास हुई। सभी लोग शादी समारोह से भात देकर वापस आ रहे थे। घटना से आक्रोशित लोगों ने मौके पर जाम लगा दिया।

मामले की सूचना मिलते ही स्थानी पुलिस सहित पुलिस अधीक्षक डॉक्टर असित यादव भी मौके पर पहुंच गए और लोगों को समझाने का प्रयास किया जा रहा है। एसपी के साथ ही कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव भी जिला अस्पताल पहुंच गए। वहीं ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों के अलावा अन्य डॉक्टर भी सूचना मिलते ही अस्पताल पहुंच गए और घायलों को तत्काल इलाज दिया गया।



### मृतक परिवार के मुखिया ने बताया सच

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मृतक परिवार के मुखिया गिरीश ने बताया कि भात कार्यक्रम कर कुछ लोग घर वापस आ रहे हैं थे, जिसके लिए सड़क पर लोडिंग वाहन रुकवाकर लोगों को उसमें बिठाया जा रहा था। इसी बीच कहीं से एक तेज रफ्तार डंपर आया और गाड़ी को टक्कर मार दी। इस हादसे में 5 लोगों की मौत मौके पर ही हो गई थी। भिंड कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने कहा कि घायलों को तुरंत 108 एंबुलेंस के जरिए जिला अस्पताल भेजा गया है, जहां 2 और लोगों को मृत घोषित कर दिया गया है। अब तक हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई है और 13 लोग घायल हो गए हैं। परिवार ने गुस्से में चक्काजाम कर दिया, जिसके बाद लोगों को समझाया गया है।

## हाई कोर्ट में वकील की हार्ट अटैक से मौत



**हैदराबाद.** तेलंगाना हाई कोर्ट से मंगलवार को दुखद घटना सामने आई है। यहां एक वकील को न्यायाधीश के सामने केस पर बहस करते समय दिल का दौरा पड़ गया। वकील कोर्ट हॉल में ही गिर पड़े। उन्हें अस्पताल ले जाया गया लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों ने इस बात की पुष्टि कर दी है कि वकील की मौत दिल का दौड़ा पड़ने के कारण हुई है। दरअसल ये मामला, मंगलवार 18 फरवरी को सामने आया है। हैदराबाद में तेलंगाना हाई कोर्ट के कोर्ट हॉल- 21 में एक न्यायाधीश के समक्ष एक मामले पर बहस करते समय वकील वेणुगोपाल राव को कथित तौर पर दिल का दौरा पड़ा था। वह बहस करते समय वे अचानक गिर पड़े। जब वकील अचानक से गिर पड़े तो वहां मौजूद अन्य वकीलों ने तुरंत एक्शन लिया और उन्हें एम्बुलेंस से उस्मानिया अस्पताल पहुंचाया। उनकी जांच करने वाले डॉक्टरों ने पुष्टि की कि वेणुगोपाल राव की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। डॉक्टरों ने पुष्टि की कि वेणुगोपाल राव की मृत्यु दिल का दौरा पड़ने से हुई।

## बीजेपी सरकार के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगे: नीतीश



**पटना.** दिल्ली में बीजेपी सरकार के शपथ ग्रहण में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शामिल नहीं होंगे. 20 फरवरी को रामलीला मैदान में होने वाले शपथ ग्रहण कार्यक्रम में जेडीयू की ओर से पार्टी के नेता संजय झा और ललन सिंह शामिल होंगे. बताया जा रहा है कि बिहार में चल रही प्रगति यात्रा की वजह से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शपथ ग्रहण में शामिल नहीं होंगे. नीतीश कुमार की यह प्रगति यात्रा बिहार के अलग-अलग जिलों में निकाली जा रही है. मिली जानकारी के मुताबिक, शपथ ग्रहण समारोह में नीतीश कुमार की अनुपस्थिति में बिहार के दोनों डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा मौजूद रहेंगे. सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा बिहार बीजेपी के नेता हैं. इसलिए जेडीयू ने अपनी तरफ से दो नेताओं को भेजने का फैसला किया है.

## कंकड़बाग में पुलिस पर ताबड़तोड़ फायरिंग

### मकान में छिपे बदमाशों को पकड़ा गया



**पटना.** बिहार की राजधानी पटना से बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां कंकड़बाग में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ की खबर सामने आई है। कंकड़बाग इलाके में बदमाशों ने पुलिस पर ताबड़तोड़ फायरिंग की है। इसके बाद बदमाश एक घर में छिपे हुए हैं। पुलिस ने घर को चारों तरफ से घेर लिया है। पुलिस ने बड़े स्तर पर ऑपरेशन चलाकर 4 आरोपियों को पकड़ लिया है। ये पूरा मामला बिहार की राजधानी पटना के राम लखन सिंह पथ कंकड़बाग इलाके का है। यहां अपराधियों ने पुलिस पर फायरिंग की है। ये जमीन विवाद से जुड़ा मामला बताया जा रहा है। पुलिस इसकी जांच के लिए कंकड़बाग पहुंची थी जहां अपराधियों ने पुलिस पर हमला कर दिया और फिर मकान में जा छिपे। घटना की सूचना पर 5 थानों की पुलिस ने घर को चारों तरफ से घेर लिया है। इस घटना ने इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बना दिया है। पटना के पॉश इलाके कंकड़बाग में दिनदहाड़े फायरिंग के मामले में अब तक 4 बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं कुछ अपराधी भागने में कामयाब रहे जिनकी तलाश में पटना पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। जानकारी के मुताबिक, पुलिस उन्हें सरेंडर कराने की कोशिश में जुटी हुई थी। मामले में खुद सदर एएसपी मॉनिटरिंग कर रहे हैं। पटना एसटीएफ की टीम भी मौके पर पहुंची थी। मौके पर कई थानों की फोर्स और एसटीएफ के कमांडोज पहुंचे और मकान की घेराबंदी कर 4 बदमाशों को पकड़ लिया है।

## महाकुंभ में फ्लाइट्स और टेंट बुकिंग के नाम पर साइबर ठगी

**मुंबई.** महाकुंभ जाने के लिए फ्लाइट्स और टेंट बुकिंग के नाम पर मुंबई में एक महिला संग साइबर ठगी का मामला देखने को मिला है। प्राथमिक रूप से मिली जानकारी के मुताबिक, मुंबई के लोअर परेल की एक व्यवसायी महिला ने प्रयागराज में कुंभ मेले के लिए टेंट और हवाई टिकट बुक करने का प्रयास करते समय ऑनलाइन धोखाधड़ी में 3.78 लाख रुपये गंवा दिए। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि 55 वर्षीय शिकायतकर्ता, जो फर्नीचर का व्यवसाय करती हैं, अपने पति के साथ प्रयागराज जाने की योजना बना रही थी।

## जम्मू-कश्मीर में नए क्रिमिनल कानून सही से हो रहे लागू?

### अमित शाह के साथ बैठक में सीएम अब्दुल्ला ने बताया



**नई दिल्ली.** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की मौजूदगी में राज्य में नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा की. दरअसल, अब जम्मू-कश्मीर में कानून-व्यवस्था सीधे तौर पर केंद्र सरकार की ओर से नियंत्रित की जाती है क्योंकि पूर्ववर्ती राज्य को 2019 में जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के केंद्र शासित प्रदेशों में बांट दिया गया था. गृहमंत्री अमित शाह बैठक की अध्यक्षता में हुई बैठक में जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के अलावा डीजीपी नलिन प्रभात, चीफ सेक्रेटरी अटल डुल्लू भी मौजूद रहे. बैठक के बाद सीएम अब्दुल्ला ने कहा, 'जम्मू-कश्मीर का नए आपराधिक कानूनों को लागू करने में काफी हद तक रोल ठीक रहा है. जहां कमी रही है, उस पर बात हुई, उसे भी दुरुस्त किया जाएगा. लोगों को नए कानूनों की पूरी जानकारी हो, इसके लिए भी पहल की जाएगी.' उन्होंने कहा, 'इससे पहले जो दो बैठक हुई थी वो सुरक्षा से संबंधित थी, अगर सुरक्षा से संबंधित बैठकों में जनता द्वारा चुनी हुई सरकार को शामिल न करने का फैसला लिया जाता है, तो ठीक है.' देश के चुनाव आयुक्त की नियुक्ति पर पर सीएम ने कहा, 'नेता प्रतिपक्ष (राहुल गांधी) के तौर पर उन्हें असहमति जताने का हक है, ये कहां कहा गया है कि जो सरकार करती है विपक्ष उससे सहमत हो...जहां तक सुनवाई की बात है, तो सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है और फैसला आ जाएगा. इसमें मैं क्या कह सकता हूं. मैं तो एक राज्य का मुख्यमंत्री हूं, ये मरकज का मामला है.'

### पिछले साल लागू हुए थे नए कानून

अधिकारियों ने बताया कि नॉर्थ ब्लॉक में हुई बैठक में अब्दुल्ला और सिन्हा के अलावा केंद्र सरकार और जम्मू-कश्मीर सरकार के शीर्ष अधिकारी भी शामिल हुए. भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम को क्रमशः औपनिवेशिक काल की भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और 1872 के भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह बदला गया है. नए कानून पिछले साल 1 जुलाई से लागू हुए थे. गृह मंत्री पहले ही उत्तर प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश और गुजरात समेत कई राज्यों में नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा कर चुके हैं.




CMYK

# आर्थिक विकास में राजनीतिक स्थिरता का महत्वपूर्ण योगदान

## > तिमाही आय में सुधार की उम्मीद

**नई दिल्ली.**

भारत की आर्थिक वृद्धि दर में बहुत बड़ा हाथ राजनीतिक स्थिरता का है। इस स्थिरता का कारण राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन यानी राजग की मजबूत सरकार है। कुछ विधानसभा चुनावों में गठबंधन का नेतृत्व कर रही भाजपा ने अच्छा प्रदर्शन किया। इससे बाजार का विश्वास बढ़ा है। यह सफलता



सरकार की नीतियों, आर्थिक सुधारों और जनता के विश्वास का नतीजा है। एक्सिस सिक्योरिटीज के मुताबिक, सरकारी खर्च में तेजी आने और निजी क्षेत्र में पूंजीगत खर्च में सुधार के कारण तिमाही आय में क्रमिक रूप से सुधार होने की उम्मीद है। बाजार ज्यादा मूल्यांकन के दौर में है और घरेलू संस्थागत निवेशकों ने जनवरी के दौरान निवेश जारी रखा है। इस प्रकार, बाजार की दिशा बदलने में समय लगेगा और वर्ष के अंत तक यह नई ऊंचाइयों को छू सकता है।

### मौजूदा स्थितियों में बाजार से मिल सकता है दो अंकों में रिटर्न

मौजूदा बाजार स्थितियां निवेश करने और इक्विटी से दोहरे अंकों का रिटर्न हासिल करने का एक शानदार मौका पेश करती हैं। ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के साथ आर्थिक परिदृश्य लगातार विकसित हो रहा है। निकट भविष्य में, टैरिफ के खतरे से बाजार में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। मध्यम से लंबी अवधि में इक्विटी फंड की लागत के साथ आय पर नजर बनी रहेगी। जनवरी भारतीय शेयर बाजार के लिए कठिन रहा।

# 1:1 अनुपात में बोनस इक्विटी शेयर जारी करने की मंजूरी

KARDA™ CONSTRUCTIONS BUILDERS & DEVELOPERS

**नासिक.**

नासिक स्थित, केबीसी ग्लोबल लिमिटेड के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने 15 फरवरी को आयोजित बैठक में 1: 1 के अनुपात में बोनस जारी करने को मंजूरी दे दी है (प्रत्येक 1 रुपये के पूर्ण भुगतान किए गए इक्विटी शेयर के बदले एक बोनस इक्विटी शेयर जारी किया जाएगा)। यह निर्णय कंपनी के शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन है। कंपनी का लक्ष्य निकट भविष्य में विस्तार योजनाओं गति देना और ऋण कटौती में तेजी लाकर व्यवसाय संचालन में बदलाव लाने का है। बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने अधिकृत पूंजी बढ़ाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी और केबीसी ग्लोबल लिमिटेड का नाम बदलकर धरन इंफ्रा-ईपीसी लिमिटेड या आरओसी द्वारा अनुमोदित किसी अन्य नाम का प्रस्ताव रखा। कंपनी ने केबीसी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, यूके स्थित पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के अध्यक्ष के रूप में नरेश करदा की नियुक्ति को भी मंजूरी दी। कंपनी की ऑर्डर बुक रु. 260 करोड़ से अधिक है.और मार्केट कैपिटलाइज़ेशन रु. 300 करोड़ है। 2007 में स्थापित, कंपनी नासिक, भारत में आवासीय और आवासीय-सह-कार्यालय परियोजनाओं के विकास और बिक्री में माहिर है। प्रमुख परियोजनाओं में हरि गोकुलधाम, हरि नक्षत्र- II ईस्ट एक्सपी टाउनशिप, और बहुत कुछ शामिल हैं। कंपनी आवासीय, वाणिज्यिक और संविदात्मक परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित करती है और घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राजनीतिक विस्तार योजनाओं की घोषणा की है। 21 सितंबर 2024 को, केबीसी ग्लोबल लिमिटेड ने कैपरी ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड को अपने सभी लंबित भुगतान सफलतापूर्वक चुका दिए और 19 सितंबर 2024 को अपने ऋण डिफ़ॉल्ट को पूरी तरह से नियमित कर लिया। इसके अतिरिक्त, कंपनी ने कैपरी ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन किया, जिसके तहत कंपनी ने गैर-वित्तीय दंड ब्याज में छूट प्राप्त की। आज की तारीख में, कैपरी ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड के साथ कंपनी की बकाया राशि रु. 13.50 करोड़ है। यह समझौता दोनों पक्षों के बीच मजबूत संबंध और आपसी विश्वास को दर्शाता है, जिससे कंपनी के निरंतर विकास और वित्तीय स्थिरता को बल मिलेगा। इस कदम से हरि वसंत और हरि आकृति फेज-2 परियोजनाओं के निर्माण कार्यों को और अधिक गति मिलने की उम्मीद है।

# टाटा एआईए ने नागपुर में 'प्लेज टू प्रोटेक्ट' पहल का आयोजन किया

**नागपुर.**

टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस (टाटा एआईए), भारत की अग्रणी निजी जीवन बीमा कंपनियों में से एक ने नागपुर में अपनी 'प्लेज टू प्रोटेक्ट' पहल की शुरुआत करके जीवन की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित किया है। यह पहल वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही में एक लाख लोगों की जान बचाने के कंपनी के महत्वाकांक्षी लक्ष्य का हिस्सा है। टाटा एआईए ने धरमपेठ, सेंट्रल एवेन्यू रोड और छत्रपती स्क्वायर में कंपनी की शाखाओं में 100 से अधिक ग्राहकों, लीडर्स और एजेंटों को शामिल करते हुए जीवन बीमा पर जागरूकता सेशन का आयोजन किया था। इस अभियान के तहत डेंटल कैंप भी चलाया गया। कंपनी के कर्मचारियों और सलाहकारों ने ज्ञान ज्योति निवासी अंध विद्यालय का दौरा किया। वहां के छात्रों के लिए वाटर कूलर उपहार में दिया और उन्हें खाना भी खिलाया। नागपुर आईटी पार्क में इस टीम ने 150 से ज़्यादा संभावित ग्राहकों से साथ जुड़कर वित्तीय सुरक्षा के बारे में जागरूकता पैदा की।

टाटा एआईए के चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर - प्रोप्राइटरी बिज़नेस, श्री अमित दवे ने कहा, "जीवन बीमा समाज के कमज़ोर वर्ग सहित सभी लोगों को बहुत ज़रूरी वित्तीय सुरक्षा प्रदान करता है। बीमा के बारे में जागरूकता पैदा करने की ज़िम्मेदारी हम सभी पर है।



टाटा एआईए 'प्लेज टू प्रोटेक्ट' अभियान के ज़रिए भारतीयों के लिए वित्तीय समावेशन और वित्तीय सुरक्षा को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। हम भारत में बीमा कवरेज का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जनवरी-मार्च तिमाही में 1 लाख लोगों को सुरक्षित करने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए टाटा एआईए अथक प्रयास करेगा।"

प्लेज टू प्रोटेक्ट' अभियान के तहत, टाटा एआईए ने भारत भर में अपनी 599 शाखाओं और 1.43 लाख से अधिक एजेंटों और कर्मचारियों को शामिल करते हुए कई अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया है। इनमें रोड शो, जॉगर्स पार्क गतिविधियां, हाउसिंग सोसाइटी की भागीदारी और स्वास्थ्य शिविर शामिल हैं। स्थानीय स्तर पर ज़्यादा से ज़्यादा लोगों से जुड़ने के अलावा, यह कंपनी स्थानीय गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ), पंचायतों और स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के साथ सहयोग करेगी। ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में ज़्यादा से ज़्यादा व्यक्तियों को बीमा की जानकारी देने और उन्हें बीमा सुरक्षा में शामिल करने में सक्षम होगी।

टाटा एआईए की 550 से ज़्यादा शाखाओं ने पहले ही इस अभियान की शुरुआत कर दी है, जिसमें करीब 70,000 एजेंट, कर्मचारी और ग्राहक शामिल हैं। बीमा के अलावा, टाटा एआईए अपनी 'जागृति' पहल के ज़रिए वित्तीय सशक्तिकरण को भी बढ़ावा दे रही है। यह एक वित्तीय साक्षरता पहल है, जहां कर्मचारी वंचित समुदायों को ज़रूरी वित्तीय साधनों के बारे में शिक्षित करने के लिए अपनी स्वेच्छा से काम करते हैं। हिंदी, अंग्रेज़ी और क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध प्रशिक्षण मॉड्यूल के साथ, अपना ज्ञान साझा करने के लिए कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया जाता है, ताकि वह अपने नेटवर्क में कम से कम चार लोगों को सूचित वित्तीय निर्णय लेने का आत्मविश्वास दिला सकें। इस पहल के तहत 3,300 से ज़्यादा टाटा एआईए कर्मचारी पहले ही स्वेच्छा से काम कर चुके हैं।

## निर्यात लगातार तीसरे महीने गिरा

**नई दिल्ली.** पेट्रोलियम कीमतों में अस्थिरता और वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण जनवरी में लगातार तीसरे महीने भारत का निर्यात 2.38 प्रतिशत घटकर 37.32 अरब डॉलर रह गया। वाणिज्य मंत्रालय के सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, सालाना आधार पर आयात 10.28 फीसदी बढ़कर 59.42 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जिससे व्यापार घाटा बढ़कर 22.99 अरब डॉलर हो गया। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-जनवरी के दौरान निर्यात 1.39 प्रतिशत बढ़कर 358.91 अरब डॉलर और आयात 7.43 प्रतिशत बढ़कर 601.9 अरब डॉलर हो गया।दस महीने की अवधि के दौरान व्यापार घाटा बढ़कर 242.99 अरब डॉलर हो गया। आयात और निर्यात के बीच के अंतर को व्यापार घाटा कहते हैं। जबकि दिसंबर में घाटा 21.94 अरब डॉलर और पिछले साल जनवरी में 16.55 अरब डॉलर था। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा, पूरी दुनिया में आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत का निर्यात माल और सेवा दोनों क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। जनवरी में इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मा, चावल और रत्न एवं आभूषण जैसे क्षेत्र में बेहतर वृद्धि रही है।

# शिक्षकों को सशक्त बनाने के लिए सैमसंग की अनूठी पहल

## > इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर विशेष छूट सहित कई सुविधाएँ निःशुल्क मिलेंगी

**नई दिल्ली.**

भारत के सबसे बड़े उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने "गैलेक्सी एम्पावर्ड" नामक एक अनूठे सामुदायिक कार्यक्रम की घोषणा की है। इस पहल का उद्देश्य शिक्षा क्षेत्र में शिक्षकों, प्रधानाचार्यों और प्रशासकों को सशक्त बनाकर भारत में शिक्षा को नई दिशा देना है। दिग्गज निशानेबाज और 2008 ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा की मौजूदगी में शुरू किए गए इस कार्यक्रम का मकसद शिक्षण में तकनीक को शामिल कर नवाचार को बढ़ावा देना और शिक्षा में रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना है। यह पहल शिक्षकों को भविष्य की कक्षाओं के लिए तैयार करने के लिए नियमित ऑन-ग्राउंड और ऑनलाइन शिक्षण सत्र प्रदान करेगी। तकनीक के क्षेत्र में एक अग्रणी ब्रांड होने के नाते, सैमसंग का लक्ष्य ऐसे भविष्य के लिए तैयार कक्षाओं का निर्माण करना है, जहां शिक्षक नवीनतम तकनीक और आधुनिक शिक्षण विधियों को अपनाकर बेहतर शिक्षा दे सकें।

"गैलेक्सी एम्पावर्ड" न केवल




शिक्षकों के लिए फायदेमंद है, बल्कि यह स्कूलों को भी शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार का अगुवा बनने में मदद करता है। बेहतर शिक्षण विधियों और तकनीक-संचालित सीखने के माहौल के जरिए स्कूल खुद को अभिभावकों की पहली पसंद बना सकते हैं, जिससे उनकी प्रतिष्ठा मजबूत होगी और उन्हें समुदाय में अधिक पहचान मिलेगी। खास बात यह है कि "गैलेक्सी एम्पावर्ड" कार्यक्रम पूरी तरह निःशुल्क है, जिससे शिक्षकों और स्कूलों को बिना किसी आर्थिक बाधा के शिक्षा को उन्नत बनाने के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जा सकें।

सैमसंग इंडिया के एमएक्स बिजनेस के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, राजू पुलन ने कहा, "गैलेक्सी एम्पावर्ड के माध्यम से, हम शिक्षकों को ऐसे टूल्स प्रदान कर रहे हैं जो छात्र जुड़ाव को बेहतर बनाएंगे और शिक्षा पर स्थायी प्रभाव डालेंगे। शिक्षक विकास में निवेश करके, सैमसंग उन्हें कक्षा में अपने प्रभाव को अधिकतम करने के लिए सशक्त बना रहा है, जिससे शिक्षा प्रणाली की बुनियाद और मजबूत होगी। यह पहल हमारे 'बेहतर कल के लिए नवाचार' के दृष्टिकोण के अनुरूप है, ताकि शिक्षा हमेशा नवाचार के केंद्र में रहे और हर शिक्षक के पास सफलता के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध हों। सैमसंग, "गैलेक्सी एम्पावर्ड" कार्यक्रम में भाग लेने वाले शिक्षकों और स्कूल लीडर्स के लिए स्मार्टफोन, टैबलेट, लैपटॉप और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों पर विशेष छूट प्रदान कर रहा है। इसके अतिरिक्त, विस्तारित वारंटी, निःशुल्क बीमा और सीमित समय के लिए विशेष ऑफ़र जैसी सुविधाएँ भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। "गैलेक्सी एम्पावर्ड" शिक्षकों और स्कूलों के लिए एक निःशुल्क कार्यक्रम है, जो उनके पेशेवर विकास और शैक्षिक उन्नति के लिए महत्वपूर्ण संसाधन उपलब्ध कराता है। इस पहल का उद्देश्य शिक्षकों को आधुनिक तकनीकों और आवश्यक कौशल से सशक्त बनाना है, ताकि वे अपने शिक्षण अनुभव को और अधिक प्रभावी बना सकें। अधिक जानकारी पाने, कार्यक्रम में नामांकन करने और विशेष ऑफ़र का लाभ उठाने के लिए यहाँ जाएँ: www.samsung.com/in/galaxy-empowered/

# घरेलू शेयर बाजार में गिरावट जारी

## > सेंसेक्स 200 अंक लुढ़का, निफ्टी भी फिसला

**नई दिल्ली.**

घरेलू शेयर बाजार में गिरावट का दौर जारी है। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 201.44 अंक गिरकर 75,795.42 अंक पर आ गया। ऐसे ही निफ्टी 82.65 अंक गिरकर 22,876.85 अंक पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) सोमवार को बिकवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 3,937.83 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। इसके अलावा शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 8 पैसे गिरकर 86.96 डॉलर पर आ गया। घरेलू शेयर बाजारों सेंसेक्स और निफ्टी में मंगलवार को शुरुआती कारोबार में गिरावट दर्ज की गई। विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी से निवेशकों की धारणा प्रभावित होना इसकी मुख्य वजह रही। बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 201.44 अंक की गिरावट के साथ 75,795.42 अंक पर पहुंच गया। एनएसई निफ्टी 82.65 अंक फिसलकर 22,876.85 अंक पर रहा। सेंसेक्स में सूचीबद्ध 30 कंपनियों में मुख्य



रूप से टाटा स्टील, एनटीपीसी, इंडसइंड बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट और टाटा मोटर्स के शेयर घाटे में रहे। वहीं, टेक महिंद्रा, मारुति, इन्फोसिस, एचसीएल टेक और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीए) के शेयर लाभ में रहे।

# सैमसंग का नया बीस्पोक एआई रेफ्रिजरेटर

## > स्मार्ट कूलिंग का अगला कदम

**गुरुग्राम.**

भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, सैमसंग ने आज नई बीस्पोक एआई रेफ्रिजरेटर सीरीज लॉन्च की है, जो 330 लीटर और 350 लीटर की क्षमता में उपलब्ध होगी।

यह नई सीरीज एडवांस्ड एआई तकनीक से लैस है, जिसमें एआई एनर्जी मोड, एआई होम केयर और स्मार्ट फॉरवर्ड जैसे फीचर्स शामिल हैं। यह खूबसूरत डिज़ाइन और सुविधाजनक स्टोरेज विकल्पों के साथ आता है। भारतीय उपभोक्ताओं की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए, इस सीरीज में स्टाइल, इनोवेशन और बेहतरीन परफॉर्मेंस का शानदार मेल किया गया है।

नई बीस्पोक एआई रेफ्रिजरेटर सीरीज न केवल स्मार्ट एनर्जी मैनेजमेंट में मदद करती है, बल्कि खाद्य पदार्थों की ताजगी बनाए रखने और एक्टिव फ्रेश फिल्टर जैसी उन्नत सुविधाएँ भी प्रदान करती है। यह फ़िल्टर 99.9 फीसदी तक हानिकारक बैक्टीरिया को खत्म करता है, जिससे आपका खाना अधिक सुरक्षित और स्वच्छ बना रहता है।

यह सब कुछ सिल्क और कस्टमाइजेबल डिजाइन में पेश




किया गया है। इसके अलावा, इसमें डिजिटल इन्वर्टर कंप्रेसर दिया गया है, जो न केवल टिकाऊ और बिजली बचाने वाला है, बल्कि 20 साल की वारंटी के साथ आता है। इस सीरीज का उद्देश्य भारत में आधुनिक रेफ्रिजरेशन को एक नई परिभाषा देना है।

सैमसंग इंडिया के सीनियर डायरेक्टर, डिजिटल अप्लायंसेज, गुफरान आलम ने कहा, "हमारी बीस्पोक एआई रेफ्रिजरेटर सीरीज उपभोक्ताओं को तकनीकी, डिजाइन और सुविधा का बेहतरीन संतुलन प्रदान करती है। यह न केवल एआई से संचालित एनर्जी सेविंग, बल्कि बेहतर कूलिंग और हाइजीन सॉल्यूशंस भी देती है, जो बदलती भारतीय जीवनशैली के अनुरूप है।

खूबसूरत फिनिश और स्मार्ट फॉरवर्ड, एआई होम केयर, ट्विन कूलिंग प्लस™ और कन्वर्टिबल 5-इन-1 मोड्स जैसे एडवांस्ड फीचर्स के साथ, हमारा लक्ष्य अपने ग्राहकों को ऐसे उपकरण देना है जो उनकी रोजमर्रा की जिंदगी को आसान और अधिक सुविधाजनक बनाएं।

### डिज़ाइन, क्षमता, कीमत और उपलब्धता

ये रेफ्रिजरेटर रियल स्टेनलेस, लक्ज़ ब्लैक, एलीगेंट आइनॉक्स और ब्लैक मैट कलर्स में उपलब्ध हैं। 330 लीटर और 350 लीटर की क्षमता वाले ये रेफ्रिजरेटर किसी भी आधुनिक घर की सुंदरता को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। ये प्रमुख रिटेल स्टोर्स, ई-कॉमर्स प्लेटफ़ॉर्म और सैमसंग की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं, जिससे अलग-अलग घरेलू जरूरतों को पूरा किया जा सके।

# भारत की जीडीपी में 50 आधार अंकों की कमी

**नई दिल्ली.**

अमेरिका की ओर से अपने व्यापारिक साझेदारों पर पारस्परिक टैरिफ लगाने का एलान किया गया है। इससे भारत की चिंता भी बढ़ गई है। अमेरिका का बड़ा व्यापारिक साझेदार है और अमेरिकी वस्तुओ पर अमेरिका की तुलना में अधिक टैरिफ वसूलता है। इसलिए अमेरिका की ओर से भारतीय उत्पादों पर भी पारस्परिक टैरिफ लगाने की आशंका बढ़ गई है। बड़ा सवाल यह है कि अमेरिका भारतीय उत्पादों पर कितना टैरिफ लगाने का एलान करता है।

भारतीय स्टेट बैंक ने अपनी एक रिपोर्ट में भारतीय उत्पादों पर अमेरिकी टैरिफ के असर के बारे में बताया है।भारतीय स्टेट बैंक की रिपोर्ट में बताया गया है कि यदि अमेरिका भारत पर 20 प्रतिशत का पारस्परिक टैरिफ लगाता है तो इससे भारत के सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी को 50 आधार अंकों (बीपीसी) का नुकसान हो सकता है।

हालांकि, रिपोर्ट ने इस बात पर भी जोर दिया कि ऐसा होने की संभावना बहुत कम है। एसबीआई ने कहा है,




### भारत के निर्यात-संचालित क्षेत्रों पर खास असर पड़ेगा

इस तरह के टैरिफ का भारत के निर्यात-संचालित क्षेत्रों पर खास असर पड़ेगा। यही कारण है कि भारत और अमेरिका ने टैरिफ विवादों को सुलझाने और द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाने के लिए कई दौर की व्यापार चर्चाओं में भाग लिया है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि भारतीय वस्तुओं पर अमेरिकी टैरिफ दर 2018 में 2.72 प्रतिशत से बढ़कर 2021 में 3.91 प्रतिशत हो गई। 2022 में इसमें थोड़ी कमी आई और घटकर 3.83 प्रतिशत हो जाएगी। अमेरिकी आयात पर भारत का टैरिफ 2018 में 11.59 प्रतिशत से बढ़कर 2022 में 15.30 प्रतिशत हो गया है।

"भारतीय निर्यात पर 20 प्रतिशत फ्लैट टैरिफ के नकली प्रभाव से सकल घरेलू उत्पाद में 50 बीपीएस का नुकसान होगा"।

इस टैरिफ से सबसे ज्यादा प्रभाव कृषि, शिकार, वन क्षेत्र और मछली पालन जैसे क्षेत्रों से जुड़े कारोबार पर पड़ेगा। इन क्षेत्रों को अनुमानित रूप से 1,543.4 मिलियन अमरीकी डॉलर का नुकसान झेलना पड़ सकता है।








१- श्रद्धा सबुरी लॉटरी, साई मंदिर
२- जय भोले लॉटरी, झेरी लॉन
३- न्यू बॉम्बे लॉटरी, लक्ष्मी भवन चौक धरमपेठ
४-साई लॉटरी, पंचशील चौक
५- अनिल बंसोड़ लॉटरी, झासीरानी चौक बर्डी
६- नरेंद्र लॉटरी, शिवम् मॉल के पास सीताबर्डी
७- प्रवीण लॉटरी महाराष्ट्र बैंक मुंजे चौक सीताबर्डी
८-मयूरी लॉटरी, आकाशवाणी चौक
९-माँ आंबे लॉटरी, आगाराम देवी
१०- नितिन लॉटरी, रामबाग कॉलोनी, मेडिकल चौक
११-दिलीप लॉटरी, नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१२ श्री गणेश लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१३-शुभम लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१४ श्री गजानन लॉटरी झेंडा चौक, महाल
१५-आशीष लॉटरी शाहिद चौक, इतवारी
१६- ख्वाजा लॉटरी कमाल टॉकीज़, कमाल चौक
१७- वैभव लॉटरी इंदौरा चौक लष्करी बाग
१८-चिकटे लॉटरी सक्करदरा चौक
१९- ओमसाई लॉटरी,महाकाळकर बिल्डिंग, छोटा ताजबाग
२०- गुरुदेव लॉटरी , गांधीचौक चंद्रपुर
२१-गजानन लॉटरी, अकोला
22- प्रेम लॉटरी सेंटर, कमाल चौक
23- नारायण लॉटरी, शहीद चौक, इतवारी
24- महावीर लॉटरी, बाजार चौक, कलमेश्वर

प्रविण कडू : 9822472123

## सुविचार

'जो धर्म और देश के प्रति निष्ठा रखता है, वही सच्चा योद्धा है।' > छत्रपति शिवाजी महाराज

## संपादकीय

# लोकतंत्र के नाम पर

यह देखना दिलचस्प है कि अमेरिका में राष्ट्रपति ट्रंप की सरकार आने के बाद शुरू हुई खर्च कम करने की आंतरिक मुहिम से जुड़ा एक कदम कैसे भारत की घरेलू राजनीति में एक नए विवाद का कारण बन गया है। एलन मस्क की अगुआई वाले डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी की ताजा घोषणा अमेरिकी टैक्सपेयर्स का पैसा 'फालतू मदों' में बर्बाद होने से बचाने का दावा करती है, लेकिन अपने देश में चर्चा यह हो रही है कि इस रकम का एक हिस्सा भारतीय लोकतंत्र में विदेशी दखलंदाजी सुनिश्चित करने वाला था। वैसे, जो घोषणाएं अभी तक हुई हैं, उनसे यह स्पष्ट नहीं हो रहा है कि वास्तव में कोई भुगतान हुआ है या नहीं और हुआ है तो किसे, कितना मिला है। मस्क ने भी सोशल मीडिया एक्स (पहले ट्विटर) पर अपनी पोस्ट में यही बताया कि जो आवंटित राशि थी, उसकी फंडिंग रोक दी गई है। लेकिन चर्चा में वह सहमति पत्र है, जिस पर यूपीए के शासनकाल के दौरान 2012 में हस्ताक्षर हुए थे। तत्कालीन मुख्य चुनाव आयुक्त एस वाई कुरैशी ने हालांकि एमओयू की पुष्टि की, लेकिन एक पैसे के भी लेनदेन से स्पष्ट इनकार किया। ऐसे में यह सवाल बचा रह जाता है कि अगर वाकई उस कार्यक्रम के तहत भारत में पैसे भेजे गए थे तो किस तरह से, किन लोगों को भेजे गए और उन पैसों का आखिर किस रूप में इस्तेमाल हुआ। चूंकि ये सवाल सत्तारूढ़ तबके की ओर से ही उछाले जा रहे हैं, इसलिए याद दिलाना जरूरी है कि उनका काम हवा में सवाल फेंककर संदेह का माहौल बनाना नहीं बल्कि मामले की तह तक पहुंचकर ठोस सबूतों के साथ संदेह की गुंजाइश समाप्त करना और दोषियों को सजा दिलाना है। जब तक ऐसे सबूत नहीं आते, तब तक साजिश की बातों को ज्यादा अहमियत नहीं दी जा सकती। इस संदर्भ में यह भी याद रखने की जरूरत है कि लोकतंत्र एक वैश्विक मूल्य है। यही नहीं, चुनाव नतीजों को प्रभावित करना एक बात है और मतदान प्रतिशत बढ़ाने के प्रयास करना एकदम अलग बात। जब भारत में इमरजेंसी लागू कर दी गई थी, तब भी बीबीसी जैसे अंतरराष्ट्रीय मीडिया हाउस लोगों तक सही सूचना पहुंचाने की कोशिश में जुटे थे और भारत सहित दुनिया भर के तमाम लोकतंत्र प्रेमी उन कोशिशों की सराहना ही करते थे।

## आस्था

# प्रज्ञा के जागरण से बदलेगी दृष्टि



आंख साफ है तो दुनिया साफ है। आंख में धुंधलापन है तो सारी दुनिया धुंधली हो जाती है। तर्कशास्त्र में 'द्विचंद्रबोध' की बात आती है। चांद है तो एक, किंतु दृष्टि दोष के कारण वह दो दिखाई देता है। पीलिया के रोगी को सारी सृष्टि पीली-पीली दिखाई देती है। दृष्टि पर ही दृष्टि का बोध निर्भर है और साथ-साथ सृष्टि का निर्माण भी बहुत कुछ उस पर ही निर्भर है। जीवन-निर्माण में सबसे बड़ी बाधा है. दृष्टिकोण का विपर्यय। जीवन-निर्माण का सबसे बड़ा रहस्य-सूत्र है. दृष्टिकोण का निर्माण। प्रसिद्ध कहावत है- 'जैसी दृष्टि वैसी सृष्टि।' पहले हम दृष्टि को बदलने की बात करें। सृष्टि को बदलने की बात पहले न करें। यदि दृष्टि बदलती है तो प्रयोजन पूरा हो जाता है। सृष्टि अपने आप बदल जाती है। उसके लिए इतनी चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। सबसे जटिल प्रश्न है दृष्टि को बदलना। यदि ध्यान के द्वारा दृष्टि बदल जाती है तो बहुत कुछ हो सकता है। मेरा विश्वास प्रतिदिन गहरा होता जा रहा है कि जिसने सच्चाइयों का साक्षात्कार कर लिया है, उसकी दुनिया बदल जाती है। जिसने सच्चाई का साक्षात्कार नहीं किया, वह हजार बार दुहाई देगा, पर बदलेगा नहीं। सबसे बड़ा प्रश्न है. सत्य का साक्षात्कार। दृष्टि बदलने का अर्थ है. सत्य का साक्षात्कार होना।

दृष्टि बदलने का पहला सूत्र है. अपने आपको देखना। प्राय लोग अपने आपको नहीं देखते। वे सब कुछ देखते हैं, केवल अपने को छोड़कर। यह बहुत विकट समस्या है। ऊंट के सवारों की गिनती हो रही थी, बीस चले थे, उन्नीस को गिन लिया पर अपने आपको नहीं गिना। यह भूल केवल वह ऊंट का सवार ही नहीं करता, हर आदमी करता है। वह अपने आपको छोड़कर और सबको गिनता है। उसमें अपने आपको शामिल नहीं करता। हर आदमी सोचता है कि जो जन्म लेता है, वह मरता है। मरते हुए को वह देखता भी है। पर, अपने बारे में विश्वास नहीं होता है कि मैं मरूंगा। अपने आपको अलग कर देता है। यदि मृत्यु की सच्चाई को कोई देख लेता तो शायद बहुत सारे गलत काम नहीं करता। किंतु मृत्यु को जानता है, यानी मानता है, पर उस सच्चाई का अनुभव नहीं करता, साक्षात्कार नहीं करता। इसलिए वह अनेक बुराइयां कर लेता है। आदमी अपने आपको इतना शुद्ध और निखालिस मानता है कि उतना शायद दूसरे को कभी नहीं मानता। एक भोले से भोला आदमी भी अपने आपको पूर्ण मानता है। मैंने एक आदमी को देखा, जिसका ज्ञान यदि देखें तो हंसी आ जाए। किसी ने पूछा, एक घंटाघर की घड़ी है और एक हाथ की घड़ी है। घंटाघर की बड़ी घड़ी की सूई चलेगी और हाथ की छोटी घड़ी की सूई चलेगी, तो कुछ तो फर्क पड़ेगा? उसने कहा, बड़ी घड़ी की सूई चलेगी तो समय ज्यादा लगेगा और छोटी को कम समय लगेगा। यह उत्तर है उस व्यक्ति का। वह इतना होशियार अपने आपको मानता है कि उतना होशियार अपने मैनेजर और अपने मालिक को भी नहीं मानता। कारण वही है, उसने पड़ोसी की बुराई का थैला तो आगे लटका लिया और अपनी बुराई का थैला पीछे कर लिया। यह दृष्टिकोण की प्रतिकूलता है। जीवन की सफलता का पहला सूत्र दृष्टिकोण को बदलना है। अपने आपको देखने की आवश्यकता का अनुभव करना है। दूसरी बात है, हम कैसे जानें कि दृष्टिकोण बदल गया? हमारा व्यक्तित्व दो भागों में बंटा है। हमारा ध्यान केवल बाह्य व्यक्तित्व की ओर जाता है। हम बाहर को देखते हैं। समस्याओं का समाधान भी बाहर खोजते हैं, शक्ति भी बाहर खोजते हैं, ज्ञान और आनंद भी बाहर ही खोजते हैं। दृष्टिकोण बदलने का अर्थ है. भीतर शक्ति, आनंद और ज्ञान की खोज। यदि यह खोज लिया तो हमारा दृष्टिकोण बदल सकता है। हमारे भीतर कितनी संपदा है! जब भीतर देखना शुरू करते हैं तो प्रज्ञा जागती है। बाहर से जो लिया जाता है, वह ज्ञान है और भीतर जो जागता है, वह प्रज्ञान है। वह पढ़ने से नहीं आता।

कितनी ही पुस्तकें पढ़ जाएं पर प्रज्ञा नहीं आती। जो ज्ञान बाहर से पैदा होता है वह है. इंद्रिय ज्ञान। प्रज्ञा है. आंतरिक ज्ञान। वह 'आयसमुत्था' बाहर से पैदा नहीं होती। एक अनपढ़ आदमी बहुत प्रज्ञावान और बहुत ज्ञानी हो सकता है। एक पढ़ा-लिखा आदमी बड़ा मूर्ख हो सकता है। प्रज्ञा का जागरण भीतर होता है। शक्ति का जागरण भीतर होता है। हम बाहर शक्ति को खोजते हैं। किंतु मूल स्रोत हमारे भीतर है। प्राण शक्ति प्रबल होती है तो बाहर की शक्ति भी काम आती है। प्राण शक्ति नहीं है तो बाहर की शक्ति भी सहारा नहीं दे सकती। कितने ही व्यायाम करें, कितनी ही दवाइयां खा लें और कितने ही शक्ति के कैप्सूल ले लें, यदि प्राण शक्ति प्रबल नहीं है तो एक भी दवा और एक भी रसायन काम नहीं करेगा। हमारी यह आस्था पैदा हो कि शक्ति, ज्ञान और आनंद का मूल स्रोत हमारे भीतर है।

# शिवाजी महाराज की बुद्धि और सैन्य रणनीतियां

छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती

### दो तिथियों पर मनाने की परंपरा

शिवाजी महाराज की जयंती हिंदू कैलेंडर के अनुसार फाल्गुन माह के तीसरे दिन और ग्रेगोरियन कैलेंडर के अनुसार 19 फरवरी को मनाई जाती है। इस प्रकार, उनकी जयंती दो बार मनाई जाती है, जो उनकी महिमा और योगदान को दोहराने का एक अद्भुत तरीका है।



छत्रपति शिवाजी महाराज महाराष्ट्र के इतिहास में सबसे बहादुर और प्रतिष्ठित शासकों में से एक थे। इस महान योद्धा को किलों का काफी शौक था। अपने शासनकाल में उन्होंने ऐसे कई शानदार किलों को बनवाया था, जिनकी खूबसूरती आज भी वैसी ही बरकरार है। लेकिन कुछ संरचनाएं कम रखरखाव की वजह से खंडहर के कगार पर पहुंच चुकी हैं। चलिए आज हम आपको शिवाजी द्वारा बनवाए गए कुछ ऐसे भव्य किलों के बारे में बताते हैं, जिनकी वास्तुकला से आपको यकीनन प्यार हो जाएगा।

छत्रपति शिवाजी महाराज, जिनका जन्म 19 फरवरी, 1630 को शिवनेरी के पहाड़ी किले में हुआ था, एक प्रमुख मराठा योद्धा और पश्चिमी भारत में मराठा साम्राज्य के संस्थापक थे। उनके जीवन और विरासत ने भारतीय इतिहास पर एक अमिट छाप छोड़ी है, जो मुगल साम्राज्य के खिलाफ प्रतिरोध की भावना और स्वशासन की खोज को दर्शाता है।

शिवाजी अपनी बुद्धि के लिए जाने जाते थे, एक ऐसा गुण जिसने उन्हें मुगलों के खिलाफ कई युद्धों में जीत दिलाई। वह पहले भारतीय शासकों में से एक थे, जिनके बारे में कहा जाता है कि उन्होंने महाराष्ट्र के कोंकण क्षेत्र की रक्षा के लिए "नौसेना बल" की अवधारणा शुरू की थी। वह अपने मूल में धर्मनिरपेक्ष थे और उन्होंने अपनी बटालियन में कई मुस्लिम सैनिकों को नियुक्त किया था। छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती दो बार मनाई जाती है क्योंकि संवत हिंदू कैलेंडर के अनुसार शिवाजी का जन्म फाल्गुन माह के तीसरे दिन हुआ था, जबकि ग्रेगोरियन कैलेंडर के अनुसार उनका जन्म 19 फरवरी को हुआ था। इसी कारण उन्होंने बालक शिवा का पालन-पोषण रामायण, महाभारत तथा अन्य भारतीय वीरात्माओं की उज्ज्वल कहानियां सुना और शिक्षा देकर किया था। बचपन में शिवाजी अपनी आयु के बालक इकट्ठे कर उनके नेता बनकर युद्ध करने और किले जीतने का खेल खेला करते थे। दादा कोणदेव के संरक्षण में उन्हें सभी तरह की सामयिक युद्ध आदि विधाओं में भी निपुण बनाया था। धर्म, संस्कृति और राजनीति की भी उचित शिक्षा दिलवाई थी। उस युग में परम संत रामदेव के संपर्क में आने से शिवाजी पूर्णतया राष्ट्रप्रेमी, कर्त्तव्यपरायण एवं कर्मठ योद्धा बन गए। छत्रपति शिवाजी महाराज का विवाह सन् 14 मई 1640 में सइबाई निंबालकर के साथ हुआ था। उनके पुत्र का नाम संभाजी था। संभाजी शिवाजी के ज्येष्ठ पुत्र और उत्तराधिकारी थे जिसने 1680 से 1689 ई. तक राज्य किया। संभाजी में अपने पिता की कर्मठता और दृढ़ संकल्प का अभाव था। संभाजी की पत्नी का नाम येसुबाई था। उनके पुत्र और उत्तराधिकारी राजाराम थे। शिवाजी के समर्थ गुरु रामदास का नाम भारत के साधु-संतों व विद्वत समाज में सुविख्यात है।

युवावस्था में आते ही उनका खेल वास्तविक कर्म शत्रु बनकर शत्रुओं पर आक्रमण कर उनके किले आदि भी जीतने लगे। जैसे ही शिवाजी ने पुरंदर और तोरण जैसे किलों पर अपना अधिकार जमाया, वैसे ही उनके नाम और कर्म की सारे दक्षिण में धूम मच गई, यह खबर आग की तरह आगरा और दिल्ली तक जा पहुंची। अत्याचारी किस्म के यवन और उनके सहायक सभी शासक उनका नाम सुनकर ही मारे डर के बगलें झांकने लगे। शिवाजी के बढ़ते प्रताप से आतंकित बीजापुर के शासक आदिलशाह जब शिवाजी को बंदी न बना सके तो उन्होंने शिवाजी के पिता शाहजी को गिरफ्तार किया। पता चलने पर शिवाजी आग बबूला हो गए। उन्होंने नीति और साहस का सहारा लेकर छापामारी कर जल्द ही अपने पिता को इस कैद से आजाद कराया। तब बीजापुर के शासक ने शिवाजी को जीवित अथवा मुर्दा पकड़ लाने का आदेश देकर अपने मक्कार सेनापति अफजल खां को भेजा। उसने भाईचारे व सुलह का झूठा नाटक रचकर शिवाजी को अपनी बांहों के घेरे में लेकर मारना चाहा, पर समझदार शिवाजी के हाथ में छिपे बघनख का शिकार होकर वह स्वयं मारा गया। इससे उसकी सेनाएं अपने सेनापति को मरा पाकर वहां से दुम दबाकर भाग गईं। छत्रपति शिवाजी महाराज एक भारतीय शासक थे जिन्होंने मराठा साम्राज्य खड़ा किया था इसीलिए उन्हें एक अग्रगण्य वीर एवं अमर स्वतंत्रता-सेनानी स्वीकार किया जाता है।

वीर शिवाजी राष्ट्रीयता के जीवंत प्रतीक एवं परिचायक थे। इसी कारण निकट अतीत के राष्ट्रपुरुषों में महाराणा प्रताप के साथ-साथ इनकी भी गणना की जाती है। बहुमुखी प्रतिभा के धनी छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती महाराष्ट्र में वैसे तो 19 फरवरी को मनाई जाती है लेकिन कई संगठन शिवाजी का जन्मदिवस हिन्दू कैलेंडर में आने वाली तिथि के अनुसार मनाते हैं। उनकी इस वीरता के कारण ही उन्हें एक आदर्श एवं महान राष्ट्रपुरुष के रूप में स्वीकारा जाता है। छत्रपति शिवाजी महाराज का 3 अप्रैल 1680 ई. में तीन सप्ताह की बीमारी के बाद रायगढ़ में स्वर्गवास हो गया।

छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती भारतीय राज्य महाराष्ट्र का एक त्योहार और सार्वजनिक अवकाश है। यह त्यौहार 19 फरवरी (जूलियन तिथि के अनुसार), शिवाजी महाराज की जयंती, मराठा साम्राज्य के पहले छत्रपति और संस्थापक के रूप में मनाया जाता है। छत्रपती शिवाजी महाराज ने अपनी अनुशासित सेना एवं सुसंगठित प्रशासनिक इकाइयों कि सहायता से एक योग्य एवं प्रगतिशील प्रशासन प्रदान किया। उन्होंने समर-विद्या में अनेक नवाचार किए तथा छापामार युद्ध की नयी शैली (शिवसूत्र) विकसित की। उन्होंने प्राचीन हिन्दू राजनीतिक प्रथाओं तथा दरबारी शिष्टाचारों को पुनर्जीवित किया और मराठी एवं संस्कृत को राजकाज की भाषा बनाया। वे भारतीय स्वाधीनता संग्राम में नायक के रूप में स्मरण किए जाने लगे। बाल गंगाधर तिलक ने राष्ट्रीयता की भावना के विकास के लिए शिवाजीराजे जन्मोत्सव की शुरुआत की। मालोजीराजे भोसले (1552–1597) अहमदनगर सल्तनत के एक प्रभावशाली जनरल थे, पुणे चाकण और इंदापुर के देशमुख थे। मालोजीराजे के बेटे शहाजीराजे भी विजापुर सुल्तान के दरबार में बहुत प्रभावशाली राजनेता थे। शहाजी राजे अपने पत्नी जिजाबाई से शिवाजी का जन्म हुवा आरम्भिक जीवन शासनावधि-1674 – 1680 राज्याभिषेक-6 जून 1674 पूर्ववर्ती-शहाजीराजे उत्तरवर्ती-सम्भाजीराजे जन्म-19 फरवरी 1630-शिवनेरी दुर्ग निधन-3 अप्रैल 1680 रायगढ़-समाधि-रायगढ़- संतान-सम्भाजी, राजाराम, राणुबाई आदि. घराना-भोंसले कुर्मी पिता- शहाजीराजे माता- जिजाबाई छत्रपती शिवाजी महाराज ने अपनी अनुशासित सेना एवं सुसंगठित प्रशासनिक इकाइयों कि सहायता से एक योग्य एवं प्रगतिशील प्रशासन प्रदान किया। उन्होंने समर-विद्या में अनेक नवाचार किए तथा छापामार युद्ध) की नयी शैली (शिवसूत्र) विकसित की। उन्होंने प्राचीन हिन्दू राजनीतिक प्रथाओं तथा दरबारी शिष्टाचारों को पुनर्जीवित किया और मराठी एवं संस्कृत को राजकाज की भाषा बनाया। वे भारतीय स्वाधीनता संग्राम में नायक के रूप में स्मरण किए जाने लगे। बाल गंगाधर तिलक ने राष्ट्रीयता की भावना के विकास के लिए शिवाजीराजे जन्मोत्सव की शुरुआत की। मालोजीराजे भोसले (1552–1597) अहमदनगर सल्तनत के एक प्रभावशाली जनरल थे, पुणे चाकण और इंदापुर के देशमुख थे। मालोजीराजे के बेटे शहाजीराजे भी विजापुर सुल्तान के दरबार में बहुत प्रभावशाली राजनेता थे। शहाजी राजे अपने पत्नी जिजाबाई से शिवाजी का जन्म हुवा।

## शिवाजी महाराज की साहस से चीते को मार गिराया



एक प्रसिद्ध किस्सा है, शिवाजी महाराज के साहस का। यह उस समय की बात है, जब पुणे के करीब नचनी गांव में एक भयानक चीते का आतंक छाया हुआ था। वह चीता अचानक ही कहीं से हमला करता था और जंगल में ओझल हो जाता। सभी डरे हुए गांव वाले अपनी समस्या लेकर शिवाजी के पास पहुंचे और विनती करते हुए कहा- हमें उस भयानक चीते से बचाइए, महाराज। वह अबतक ना जाने कितने बच्चों को मार चुका है। ज्यादातर वह चीता तब हमला करता है, जब हम सब सो रहे होते हैं। महाराज शिवाजी ने धैर्यपूर्वक ग्रामीणों की समस्या सुनी और उन्हें ढाढ़स बंधाते हुए कहा- आप लोग निश्चिंत रहे, किसी बात की चिंता मत करिए, मैं यहां आपकी मदद करने के लिए ही हूं। फिर शिवाजी अपने सिपाहियों यसजी और कुछ सैनिकों के साथ जंगल में चीते को मारने के लिए निकल पड़े। बहुत ढूंढ़ने के बाद जैसे ही चीता सामने आया, सैनिक डर के मारे पीछे हट गए पर शिवाजी और यसजी बिना डरे ही चीते पर टूट पड़े और पलक झपकते ही उसे मार गिराया। गांव वालों ने खुश होकर 'जय शिवाजी' के नारे लगाएं।





## सामुद्रिक शास्त्र

# आंखों के रंग में छुपे हैं जिंदगी के रहस्य



आंखों को आपके दिल का दर्पण भी कहा जाता है। माना जाता है कि आपके दिल में जो भी चल रहा होता है, वो इमोशन कहीं न कहीं आपकी आंखों में नजर आ ही जाते हैं। हां, यह बात सच है कि इसकी समझ बहुत कम लोगों को होती है। असल में आंखे पढ़ना भी एक कला है। हर व्यक्ति आंखों को पढ़ने की कला में माहिर नहीं होता। सामुद्रिक शास्त्र के अनुसार आंखों में कई तरह के रहस्य छुपे हुए होते हैं, जिससे आपके स्वभाव, व्यवहार और भाग्य से जुड़े कई राज छुपे होते हैं। आइए, जानते हैं सामुद्रिक शास्त्र के अनुसार आंखों से कौन-से राज जुड़े होते हैं। सामुद्रिक शास्त्र के अनुसार, नीली आंखों वाले लोग जीवन में स्थिरता चाहते हैं। ऐसे लोग दूसरों की मदद करने में सक्रिय होते हैं। शांति पसंद करते हैं और दूसरे लोगों की मदद करते हैं। दूसरों की मदद करने के चक्कर में कभी-कभी यह लोग अपना नुकसान तक करा बैठते हैं। सामुद्रिक शास्त्र के अनुसार कंजी या हल्की पीली आंखों वाले लोग अक्सर मौज-मस्ती और रोमांच का आनंद लेते हैं। ये लोग परिस्थितियों के अनुसार ढलने और समय के साथ चलने में माहिर होते हैं। साहसी होते हैं और एक समय बाद अपने जीवन से ऊबने लग जाते हैं। सामुद्रिक शास्त्र के अनुसार, भूरी आंखों वाले व्यक्ति अपनी शर्तों पर जीवन जीना पसंद करते हैं और जीवन में रचनात्मकता को महत्व देते हैं। आकर्षक, उदार, मिलनसार होते हैं और नई चीजों को आजमाना चाहते हैं। भूरी आंखों वाले लोग अपने जीवन में प्यार को कहीं ज्यादा महत्व देते हैं और जीवनसाथी के प्रति ईमानदार रहते हैं। हरी आंखों वाले लोग देखने में बहुत ही एक्टिव लगते हैं लेकिन अंदर से यह बहुत ही आलसी होते हैं। ये लोग हर काम को कल पर टालते रहते हैं। हरी आंखों वाले लोगों को अपनी भावनाएं व्यक्त करने में बहुत परेशानी होती है। यह लोग अपनी बातों और रिश्तों और बातों को रहस्य रखना ही पसंद करते हैं।

डॉ.दुर्गाप्रसाद अग्रवाल

# दुनिया हमारे बगैर



तेज़ी से बढती दुनिया की आबादी और तकनीक का कल्पनातीत प्रसार. कहीं ऐसा तो नहीं कि मनुष्य प्रकृति से भी ज़्यादा शक्तिशाली बन गया है? हम बहुत तेज़ी से, हालांकि अनचाहे ही, मौसम को बदल रहे हैं, पारिस्थितिकी को बदल, प्रदूषित और यहां तक कि नष्ट कर रहे हैं, और अपने तथाकथित विकास को कुछ इस तरह धकिया रहे हैं कि इस पृथ्वी के अन्य जीवों को भी एक नए मानव-निर्मित विश्व से तालमेल बिठाने को मज़बूर होना पड रहा है.

ऐसे में, यह कल्पना कि अगर अचानक पूरी मानव-जाति लुप्त हो जाए तो क्या होगा?यह दुष्टतापूर्ण कल्पना की है 'ईको इन माय ब्लड' (1999) पुस्तक के लेखक, जाने-माने और बहु पुरस्कृत पत्रकार एलन वाइज़मैन ने अपनी सद्य प्रकाशित किताब 'द वर्ल्ड विदाउट अस' में. वाइज़मैन ने सवाल किया है कि अगर कोई विषैला वायरस या किसी भी तरह की कोई हलचल रातों-रात हमारी इस पृथ्वी को जन-विहीन कर दे तो जो कुछ मानव ने अब तक बनाया-संजोया है वह और कब तक बचा रह सकेगा. बेशक वाइज़मैन की यह कल्पना शरारती है, एक हद तक रुग्ण भी, लेकिन है विचारोत्तेजक. और यह भी कि किताब इस सवाल पर ही खत्म नहीं हो जाती, इससे आगे भी जाती है. किताब की उपादेयता इस बात से और बढती है कि अपने इस सवाल का जवाब पाने के लिए लेखक ने सॉलिड साइंस और कल्पना का जो मिश्रण तैयार किया है वह हमें बहुत कुछ सोचने को विवश करता है. वाइज़मैन कहते हैं कि मानव जाति के विलुप्त हो जाने के दो दिन बाद ही मैनहट्टन के सबवे'ज़ को सूखा रखने वाले पम्प काम करना बन्द कर देंगे, कुछ ही दिनों बाद टनल्स में पानी भर जाएगा, सडकों के नीचे की सारी मिट्टी बह जाएगी और सदियों तक बने रहने के लिए निर्मित गगन चुम्बी अट्टालिकाओं की नींवें ढहने लगेंगी. रोज़मर्रा काम में आने वाली चीज़ें फॉसिल बन जायेंगी और सारी धातुएं गल-पिघलकर लाल रंग की चट्टानों जैसी दीखने लगेंगी. हो सकता है कि मनुष्य के शुरुआती दौर की कुछ इमारतें ही स्थापत्य के अवशेष के बतौर बची रह जाएं.

नागपुर मेट्रो समाचार : फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशकः फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादकः इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

# आज से 27 फरवरी तक एनसीपी मनाएगी 'स्वराज्य सप्ताह'

## शिवाजी चौक तक शोभायात्रा और बाइक रैली निकाली जाएगी

**मुंबई.**

छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती को धूमधाम से मनाने के लिए लिए पूरे राज्य में तैयारियों शुरू हो गई है। शिवजयंती अवसर पर उपमुख्यमंत्री अजित पवार की एनसीपी पूरे राज्य में 19 यानी आज से 27 फरवरी तक 'स्वराज्य सप्ताह' का आयोजन करेगी। इसकी जानकारी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के मुख्य प्रवक्ता आनंद परांजपे ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। प्रदेश प्रवक्ता संजय तटकरे और मुंबई विभागीय राष्ट्रवादी कांग्रेस के कार्याध्यक्ष सिद्धार्थ कांबले भी प्रेस कांफ्रेंस में उपस्थित थे। 'राज्य जनता का, जिजाऊ के शिवबा का' इस टैगलाइन के साथ 19 से 27 फरवरी तक शिवजयंती, संत गाडगेबाबा जयंती, और मराठी भाषा दिवस जैसी महत्वपूर्ण तिथियों को मिलाकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



शिवजयंती के अवसर पर एनसीपी 'स्वराज्य सप्ताह' मनाएगी, जिससे महाराष्ट्र की अस्मिता और स्वाभिमान को जनता के सामने प्रस्तुत किया जाएगा।

इस सप्ताह भर चलने वाले आयोजन के माध्यम से शिवाजी महाराज के विचारों और स्वराज्य की संकल्पना को जनता तक पहुंचाने का उद्देश्य है।

'सेल्फी विद किला' नामक एक विशेष अभियान भी चलाया जाएगा, जिसमें प्रमुख किलों के सेल्फी पॉइंट बनाए जाएंगे। इसके अलावा, शिवराय के राज्य की संकल्पना पर आधारित व्याख्यान, चित्र प्रदर्शनी, पुस्तक प्रदर्शनी और शिवकालीन वस्तुओं की प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। राष्ट्रवादी कांग्रेस के मंत्रियों द्वारा लिए गए लोकहितकारी फैसलों की जानकारी भी जनता तक पहुंचाई जाएगी। राष्ट्रवादी महिला आघाडी द्वारा 'राजमाता जिजाऊ का शिवबा' थीम पर आधारित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें रंगोली प्रतियोगिता, ऐतिहासिक गीत और पोवाडे शामिल होंगे। प्रत्येक घर में छत्रपति शिवाजी महाराज और जिजाऊ की प्रतिमा लगाने का अभियान भी चलाया जाएगा। युवाओं, छात्रों और गढ़-किले संरक्षण विभाग की ओर से दुर्ग स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा।

### 'स्वराज्य सप्ताह' पर आयोजित होंगे निम्न कार्यक्रम

19 यानी आज मुंबई में दादर के शिवाजी पार्क से चेंबूर के छत्रपति शिवाजी महाराज चौक तक भव्य शिव शोभायात्रा और बाइक रैली निकाली जाएगी, जिसका शुभारंभ शाम 4 बजे होगा। चेंबूर में विधायक सना मलिक इस यात्रा का स्वागत करेंगी। इस दौरान राष्ट्रवादी कांग्रेस के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष सांसद प्रफुल्ल पटेल, वरिष्ठ नेता छगन भुजबळ, पूर्व मंत्री नवाब मलिक और विधायक सना मलिक उपस्थित रहेंगे।




रायगढ़ एक पहाड़ी किला है जो रायगढ़ जिले में महाड से लगभग 25 किलोमीटर दूर स्थित है। छत्रपति शिवाजी महाराज ने इस किले का जीर्णोद्धार किया और 1674 ई. में इसे अपनी राजधानी बनाया। रायगढ़ किले में रोप-वे की सुविधा उपलब्ध है, जिससे किले तक कुछ ही मिनटों में पहुंचा जा सकता है।

# नवी मुंबई से बांग्लादेशी दंपति समेत बेटा गिरफ्तार

**ठाणे.**

जहां एक ओर अमेरिका ने अप्रवासी भारतीयों पर कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें लगातार भारत में वापस भेजने के कार्य तेज कर दिए हैं, वहीं भारत में बांग्लादेशी घुसपैठियों के नए-नए मामले सामने आ रहे हैं। फर्जी दस्तावेज निकालकर भारत में रहने वालों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। ऐसे ही एक दंपती को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

भारत में पिछले 30 साल से अवैध रूप से रहने के आरोप में बांग्लादेश के एक परिवार के 3 सदस्यों को नवी मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मानव तस्करी निरोधक प्रकोष्ठ यानी एएचटीसी के अधिकारियों ने 24 नवंबर 2024 को अवैध प्रवासियों के खिलाफ महाराष्ट्र के नवी मुंबई में चलाए जा रहे अभियान के दौरान वाशी स्थित



जुहूगांव में एक फ्लैट पर रह रहे शारो अबताब शेख (48) और उसकी पत्नी सलमा सारो शेख (39) को पकड़ा था।

उनके दस्तावेजों की जांच की गई। पुलिस की एक विज्ञप्ति में कहा गया कि दंपति ने अपने 'फ्लैट' के स्वामित्व के दस्तावेज, आधार कार्ड, पैन कार्ड, पासपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र, राशन कार्ड और जन्म प्रमाण पत्र की फोटो प्रतियां पेश कीं। जन्म प्रमाण पत्र पश्चिम बंगाल के जयनगर में एक ग्रामीण अस्पताल द्वारा कथित तौर पर जारी किया गया था। दस्तावेज दिखाए जाने के बाद उन्हें छोड़ दिया गया। इस बीच, पुलिस ने दंपति द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों का सत्यापन शुरू किया। जन्म प्रमाण पत्रों की प्रामाणिकता की जांच के लिए एएचटीसी की एक टीम दो फरवरी को पश्चिम बंगाल के ग्रामीण अस्पताल भी गई थी। विज्ञप्ति में कहा गया है कि निरीक्षण के बाद दक्षिण 24 परगना के मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने नवी मुंबई पुलिस को सूचित किया कि दंपति द्वारा प्रस्तुत जन्म प्रमाण पत्र फर्जी थे। इसमें कहा गया है कि एक खुफिया सूत्र ने पुलिस को दंपति का राष्ट्रीयता कार्ड भी भेजा था, जिसमें कहा गया था कि वे बांग्लादेश से आए हैं। जानकारी के अनुसार एएचटीसी ने रविवार को दंपति को और उनके 22 वर्षीय बेटे को गिरफ्तार कर लिया जो भारत में पैदा हुआ है। पुलिस ने बताया कि यह जोड़ा बोगना सीमा चौकी से होते हुए, वहां तैनात सुरक्षाकर्मियों की नजर से बचकर भारत में दाखिल हुआ। उन्होंने भारत में अवैध तरीके से सभी पहचान पत्र हासिल किए थे।

# अजित पवार की तबीयत फिर बिगड़ी

**मुंबई.**

बीड जिले के मस्साजोग के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या मामले में उपमुख्यमंत्री अजित पवार की एनसीपी के मंत्री धनंजय मुंडे की मुश्किलें कम होने का नाम ही नहीं ले रही हैं। इस मामले को तूल देने वाले बीजेपी विधायक सुरेश धस को शांत कराने का प्रयास राजस्व मंत्री एवं बीजेपी के महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने किया था।

बावनकुले प्रयासों के कारण मुंडे से मिलकर धस ने अपनी प्रतिष्ठा मलिन करवा ली। लेकिन अजित पवार पर से मुंडे के इस्तीफे का दबाव कम नहीं हुआ। इस वजह से सोमवार को अजित पवार की तबियत बिगड़ गई है। इन वजहों से एनसीपी के नेता बीजेपी पर नाराज बताए जा रहे हैं। उनका सवाल है कि बीजेपी के बड़े नेताओं ने विधायक सुरेश धस को पहले रोकने का प्रयास क्यों नहीं किया?



उपमुख्यमंत्री अजित पवार सोमवार को भगुर नगर परिषद द्वारा आयोजित नगरोत्थान मिशन के तहत भगुर शहर के लिए 24.68 करोड़ रुपए की जलापूर्ति योजना के भूमिपूजन समारोह के उपलक्ष्य में नासिक गए थे। लेकिन उसके बाद तबियत खराब होने की वजह से अचानक सभी कार्यक्रमों को रद्द कर दिया गया।

सूत्रों का कहना है कि धनंयज मुंडे के इस्तीफे की मांग के कारण बढ़ते प्रेशर की वजह से उपमुख्यमंत्री अजित पवार की तबियत बिगड़ी है। डिप्टी सीएम पर बढ़ते दबाव के लिए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता बीजेपी को जिम्मेदार मान रहे हैं।

# हर साल 5000 आईटीआई प्रशिक्षकों को मिलेगा प्रशिक्षण

## > मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने किया ऐलान

**मुंबई.**

राज्य सरकार के कौशल, रोजगार, उद्यमिता एवं नवाचार विभाग और व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण निदेशालय की ओर से 17 फरवरी को पुणे स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, औंध में आयोजित 'प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम' अर्थात 'ट्रेन द टीचर्स' कार्यक्रम का उद्घाटन मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा के हाथों से किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री माननीय देवेंद्र फडणवीस ने वीडियो संदेश के माध्यम से शुभकामनाएं दीं। इसी तरह, उपमुख्यमंत्री अजित पवार का संदेश मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने सभी को पढ़कर सुनाया।

इस अवसर पर मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने कहा कि शिक्षकों के बिना विद्यार्थियों में कौशल विकास का सपना पूरा नहीं हो सकता। इसलिए शिक्षकों का भी प्रशिक्षण आवश्यक है और प्रति वर्ष 5000 आईटीआई प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य रखा गया है उन्होंने आगे कहा कि जून 2025 से सभी आईटीआई में नई शिक्षा नीति लागू करने का हमारा प्रयास है और आईटीआई की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए किए जा रहे ये सकारात्मक बदलाव निजीकरण नहीं बल्कि एकत्रीकरण हैं। तो वहीं पूर्व आईएएस अधिकारी अविनाश धर्माधिकारी ने कहा कि सरकारी अधिकारियों के माध्यम से किया जाने वाला जनसेवा का कार्य ईश्वर की आराधना है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में भी सकारात्मक बदलाव आएंगे। इन्हीं विद्यार्थियों में से भविष्य के भारत के बिल गेट्स और स्टीव जॉब्स तैयार करने का कार्य हमारे प्रशिक्षकों को करना है। हमें महाराष्ट्र और भारत को एआई के नक्शे पर प्रमुखता से लाना है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रशिक्षित प्रशिक्षकों का निर्माण करना है, जिसकी शुरुआत 17 फरवरी से हो चुकी है। इस अवसर पर आईटीआई को सहयोग देनेवाली विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों को सम्मान चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कौशल, रोजगार, उद्यमिता एवं नवाचार विभाग की अपर मुख्य सचिव मनीषा वर्मा, आयुक्त नितिन पाटिल, व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण निदेशालय की निदेशक माधवी सरदेशमुख, पूर्व प्रशासनिक अधिकारी अविनाश धर्माधिकारी, टाटा स्क्राइव के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमेय वंजारी, चाणक्य मंडल परिवार के डॉ. भूषण केलकर उपस्थित थे। वहीं शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, छत्रपति संभाजीनगर, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, अमरावती, राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्था, मुंबई और इंडो-जर्मन टूल रूम, छत्रपति संभाजीनगर के प्रतिनिधि कार्यक्रम के लिए वर्चुअल (ऑनलाइन) माध्यम से शामिल हुए।

## जलगांव में 'जीबीएस' का एक और केस

**मुंबई.** जलगांव में तीन साल के बच्चे को 'जीबीएस' बीमारी होने की पुष्टि हुई है. बच्चे का सरकारी मेडिकल कॉलेज के बाल रोग विभाग के आईसीयू में इलाज जारी है. इस बच्चे को पिछले कुछ दिनों से पैर दर्द की शिकायत थी, जिसके बाद ब्लड टेस्ट कराने पर 'जीबीएस' बीमारी होने की बात सामने आई है. अब तक जिले में 'जीबीएस' के तीन मरीज मिले हैं, इनमें से एक महिला मरीज को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है, जबकि एक युवक और बच्चे का इलाज जारी है. पिछले कुछ समय से राज्य में ये खतरनाक बीमारी तेजी से पांव पसार रही है. गुइलेन-बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) मुंबई, पुणे, ठाणे और कोल्हापुर सहित कई जगहों पर फैल रहा है. पुणे में इस बीमारी की चपेट में 208 मरीज आ चुके हैं.

# पड़ोसियों की शिकायत पर पुलिस ने मारा छापा, 300 बिल्लियां देख उड़े होश

**मुंबई.**

पुणे से ऐसी खबर सामने आई है, जिस पर यकीन कर पाना भी मुश्किल है. यहां एक सोसाइटी के फ्लैट से कई दिन से बदबू आ रही थी. पड़ोसियों ने इसकी शिकायत सोसाइटी मैनेजमेंट से की. कोई हल नहीं निकला तो उन्होंने पुलिस से मदद मांगी. पुलिस जैसे ही उस फ्लैट में छापा मारने पहुंची तो अंदर का नजारा देख उनके होश उड़ गए. फ्लैट के अंदर 300 से भी ज्यादा बिल्लियां थीं.

पुलिस ने तुरंत फ्लैट मालकिन को बिल्लियों को उपयुक्त स्थान पर शिफ्ट करने का नोटिस दिया है. मामला हडपसर इलाके की है. यहां मार्वल बाउंटी हाउसिंग सोसायटी है. कई दिन से यहां बिल्लियों का शोर सुनाई दे रहा था. उस फ्लैट से बदबू भी आ रही थी. लोगों ने फ्लैट की मालकिन से इस बारे में बात की. लेकिन फिर भी यह सिलसिला जारी रहा.

इसके बाद उन्होंने सोसाइटी की मैनेजमेंट से भी शिकायत की. लेकिन कोई हल नहीं निकला. उधर सोसाइटी वाले बिल्लियों के शोर और बदबू से परेशान हो रहे थे. उन्होंने फिर जिला पशु चिकित्सा अधिकारी और पुलिस से मदद मांगी.

शिकायत के आधार पर जिला पशु चिकित्सा अधिकारी के नेतृत्व में पशुपालन विभाग की टीम और पुलिस ने फ्लैट का दौरा किया. टीम ने जब फ्लैट का निरीक्षण किया तो वहां 300 से भी ज्यादा बिल्लियां पाई गईं. अधिकारियों ने बताया कि अंदर का माहौल बेहद गंदा था और वहां असहनीय दुर्गंध फैली हुई थी.

### फ्लैट मालिक को नोटिस जारी

पुलिस ने बताया कि फ्लैट की मालकिन को बिल्लियों को उपयुक्त स्थान पर शिफ्ट करने का नोटिस दिया गया है. आगे की कार्रवाई पशुपालन विभाग की निगरानी में की जाएगी. सोसाइटी के लोगों ने प्रशासन से जल्द समाधान की मांग की है. इस घटना को सामने आने के बाद हर कोई हैरान है. सोसाइटी वालों का कहना है कि हमें ये नहीं मालूम था कि फ्लैट में 300 से भी ज्यादा बिल्लियां हैं.

# डोंबिवली की 65 इमारतों पर चलेगा बुलडोजर

**मुंबई.**

कल्याण डोम्बिवली महानगपालिका में आने वाले 65 इमारतों के कलस्टर पर हथौड़ा चलेगा. बॉम्बे हाईकोर्ट ने इन सभी इमारतों को अवैध करार दिया है. इस संबंध में हाई कोर्ट के ताजा आदेश के बाद करीब 10 से 15 साल से यहां रहने वाले पिवारों के सामने पुर्नवास का संकट खड़ा हो गया है. इन सभी लोगों को एक सप्ताह के अंदर फ्लैट करने का अल्टीमेटम दिया गया है. एक अनुमान के मुताबिक इन इमारतों में करीब 6500 लोग रह रहे हैं. जानकारी के मुताबिक अपने जीवन भर की गाढ़ी कमाई से लोगों ने इन इमारतों में फ्लैट्स खरीदे थे. इनमें भी ज्यादातर फ्लैट ओनर्स ने बैंक से लोन लिया है. उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सब्सिडी भी मिल गई.

इसके बाद यह रह रहे लोगों ने इन्हीं फ्लैट्स के पते पर अपने सभी लीगल दस्तावेज बना लिए. अब इन लोगों को बताया गया है कि बिल्डर ने उनके साथ धोखाधड़ी की है. बिल्डरों ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर ना केवल रेरा अथॉरिटी में रजिस्ट्रेशन कराया, बल्कि सारे फ्लैट्स बेच भी दिए. इस संबंध में कोर्ट में मामला



आने के बाद बॉम्बे हाईकोर्ट ने एक सप्ताह के अंदर इन इमारतों को गिराने का आदेश दिया है.

**बिल्डर के खिलाफ कार्रवाई की मांग**

इसकी जिम्मेदारी केडीएमसी को दी है. इस आदेश के बाद केडीएमसी ने इन इमारतों को गिराने की तैयारी शुरू कर दी है. ऐसे हालात में अब फ्लैट मालिक सरकार से हस्तक्षेप करने की मांग कर रहे हैं. उनका कहना है कि इस घोटाले से वह अनजान थे. चूंकि घोटाला बिल्डर ने किया है, इसलिए जो भी कार्रवाई हो वह बिल्डर के ही खिलाफ होनी चाहिए. तर्क दिया है कि उन लोगों फ्लैट्स खरीदने से पहले पूरी जांच पड़ताल की थी और सभी दस्तावेज भी देखे थे. इसी बिनाह पर उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना की सब्सिडी भी मिली थी.

## बीजेपी के बीच चल रहे तनाव में इजाफा होने की आशंका

**मुंबई.** महाराष्ट्र की सरकार ने शिवसेना (शिंदे) के 20 विधायकों की वाय कैटेगरी सिक्योरिटी वापस ले ली है. इस कदम को राज्य के संसाधनों के दुरुपयोग को रोकने के लिए सीएम फडणवीस के नेतृत्व वाली सरकार की पहल के हिस्से के रूप में देखा जा रहा है. इन विधायकों को वाय सिक्योरिटी कवर अतिरिक्त भत्ते के तौर पर दिया गया था, जबकि वे मंत्री नहीं हैं. उद्धव के नेतृत्व वाली शिवसेना से दलबदल करने के बाद ज्यादातर विधायकों को यह सुरक्षा दी गई थी.

**मध्य रेलवे**

**पार्किंग और भुगतान करें और शौचालय का उपयोग करें**

नागपुर डिवीजन से कमाई **(पार्किंग और पे एंड यूज टॉयलेट)** अनुबंधों के अनुबंध के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की गई है। निविदा सूचना क्रमांक: NGP/ CW/693/ पे एंड पार्क/ ई-नीलामी दिनांक: 17.02.2025 सूचीपत्र: 1. PnU- NGP- BPQ- Toi-24-25-1 05/03/2025 को 15.00 बजे शुरू/ 05/03/2025 को 15:30 बजे समाप्त। 2. पार्किंग-NGP- SEGM- MX-65- 24-1 05/03 /2025 को 15.00 बजे शुरू/ 05/ 03/ 2025 को 15:40 बजे समाप्त। 3. पार्किंग- NGP- BPQ -MX-72-25-2 05/03/2025 को 15:00 बजे शुरू/ 05/ 03/ 2025 को 15:50 बजे समाप्त। 4. पार्किंग- NGP-BXY-MX-64-24-1 05/03/2025 को 15:00 बजे शुरू/ 05/ 03/ 2025 को 16:00 बजे समाप्त। 5. पार्किंग- NGP- NGP- FW-70-24-1 05/03/2025 को 15:00 बजे शुरू/ 05/03/ 2025 को 16:10 बजे समाप्त। 6. पार्किंग- NGP- WR -FW- 49-22-3 05/03/2025 को 15:00 बजे शुरू/ 05/03/2025 को 16:20 बजे समाप्त।

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया www.ireps.gov.in पर जाएं

एसीएम (टीसी), मध्य रेलवे, नागपुर

AK/463

अपने पशुओं को रेलवे लाइनों से दूर रखें

# एशिया आर्थिक वार्ता का छठा संस्करण 20 से पुणे में, 9 देशों के प्रतिनिधि होंगे शामिल



**पुणे.**

भू-अर्थशास्त्र सम्मेलन 'एशिया आर्थिक वार्ता-2025 बृहस्पतिवार से पुणे में आयोजित किया जाएगा। इसमें केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल उद्घाटन भाषण देंगे। आयोजकों ने सोमवार को एक बयान में बताया कि विदेश मंत्रालय और पुणे इंटरनेशनल सेंटर यानी पीआईसी द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित 3 दिवसीय वार्षिक सम्मेलन के छठे संस्करण का विषय 'विखंडन के युग में आर्थिक मजबूती और पुनरुत्थान' है। इस कार्यक्रम में 12 सत्र होंगे, जिसमें 9 देशों – ऑस्ट्रेलिया, मिस्र, इंडोनेशिया, जापान, नेपाल, नीदरलैंड, सिंगापुर, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका के शिक्षाविदों, नीति निर्माताओं और उद्योग विशेषज्ञों सहित 40 से अधिक वक्ता शामिल होंगे। मंत्रिस्तरीय भागीदारी से संवाद को और बढ़ावा मिलेगा, जिससे परिवर्तनकारी विचारों और रणनीतियों का आदान-प्रदान होगा। एईडी 2025 में ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, जापान, मालदीव, नीदरलैंड, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, सिंगापुर और यूएई जैसे देशों के शिक्षाविदों, नीति निर्माताओं और उद्योग विशेषज्ञों का एक विविध समूह एक साथ आएगा। मंत्रिस्तरीय भागीदारी से संवाद को और बढ़ावा मिलेगा, जिससे परिवर्तनकारी विचारों और रणनीतियों का आदान-प्रदान होगा। इस वर्ष की वार्ता में आर्थिक विखंडन की जटिलताओं को संबोधित करने और लचीलेपन और पुनरुत्थान के लिए कार्रवाई योग्य मार्गों की पहचान करने का वादा किया गया है। चुनौतियों और अवसरों पर सूक्ष्म चर्चाओं को बढ़ावा देकर, एईडी 2025 का उद्देश्य राष्ट्रों, उद्योगों और व्यक्तियों को विकसित हो रहे भू-अर्थशास्त्र परिदृश्य को नेविगेट करने के लिए सशक्त बनाना है। हितधारकों के साथ अपने निरंतर संपर्क के माध्यम से, एशिया आर्थिक वार्ता क्षेत्रीय और वैश्विक आर्थिक सहयोग को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है, तथा वैश्विक अर्थव्यवस्था के भविष्य को आकार देने में एशिया को एक महत्वपूर्ण शक्ति के रूप में स्थापित कर रही है।

### महत्वपूर्ण भू-आर्थिक विषयों पर चर्चा

वार्ता में जिन महत्वपूर्ण भू-आर्थिक विषयों पर चर्चा की जाएगी, उनमें कृत्रिम मेधा (एआई), साइबर सुरक्षा, अफ्रीकी परिवर्तन, समुद्री अर्थव्यवस्था, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा प्रणाली, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) और जलवायु परिवर्तन शामिल हैं। सम्मेलन की शुरुआत प्रख्यात वैज्ञानिक और पुणे इंटरनेशनल सेंटर के अध्यक्ष डॉ. रघुनाथ माशेलकर भी शामिल होंगे।

# मामूली बहस पर गर्लफ्रेंड की हत्या

**मुंबई.**

पालघर जिले में विवाद के बाद अपने गर्लफ्रेंड की हत्या करने के आरोप में पुलिस ने 32 साल के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है. एक अधिकारी ने मंगलवार को ये जानकारी दी है. मनोर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि मनोर के एक गांव में रहने वाले आरोपी ने अपनी पत्नी को तलाक दे दिया था और जिले के वसई इलाके के नालासोपारा की रहने वाली 40 साल की पीड़िता के साथ संबंध बना लिया था. आरोप है कि जब पीड़िता उस व्यक्ति के घर आई और उससे किसी अन्य महिला के साथ उसके कथित संबंध के बारे में पूछताछ की तो वह भड़क गया. महिला ने उस व्यक्ति से कहा कि वह उसके खिलाफ पुलिस में शिकायत भी करेगी. पुलिस ने बताया कि इसके बाद दोनों के बीच तीखी बहस हुई और आरोपी ने कथित तौर पर पीड़िता की पिटाई कर दी. वह इतने पर नहीं थमा बल्कि उसने तो महिला पर संगमरमर की टाइल से हमला कर दिया. बाद में कुछ लोग पीड़िता को घायल हालत में अस्पताल ले गए जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया.

घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की और शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया.

## आज का राशिफल

मेष : आज मेष राशि वालों को सावधान रहना चाहिए। नौकरी में ध्यान से काम करें और बिजनेस में निर्णय सोच-समझ कर लें। मानसिक तनाव हो सकता है। यात्रा पर जाने का योग है।

वृषभ : आज वृषभ राशि वालों के लिए मुनाफे का दिन है। बिजनेस में मुनाफा हो सकता है, लेकिन खर्च कम करें। निवेश के लिए अच्छा दिन है और संपत्ति खरीदने का योग है। नौकरी में अच्छा रहेगा।

मिथुन : मिथुन राशि वालों के लिए भी मुनाफे वाला दिन है। बिजनेस में अच्छा मुनाफा हो सकता है। खर्च पर ध्यान दें और निवेश के लिए अच्छा समय है। वाहन चलाते समय सतर्क रहें।

कर्क : कर्क राशि वालों का दिन ठीक-ठाक रहेगा। बिजनेस में बिना सोचे-समझे निर्णय न लें। नौकरी में सराहना मिल सकती है। परिवार का साथ मिलेगा और यात्रा का भी योग है।

सिंह : सिंह राशि वालों का दिन मिलाजुला रहेगा। ऑफिस में जिम्मेदारी बढ़ सकती है। मन शांत रखें और रिश्तों को वक्त दें। सेहत भी अच्छी रहेगी।

कन्या : कन्या राशि वालों के लिए खास दिन है। डर पर काबू रखें और रुके काम पूरे होंगे। बिजनेस में मुनाफा होगा और परिवार का साथ मिलेगा। यात्रा का भी योग है।

तुला : तुला राशि वालों के लिए दिन खास रहेगा। दोस्तों से मुलाकात हो सकती है। बिजनेस और नौकरी में तरक्की होगी। सेहत का ध्यान रखें और वाहन चलाते समय सतर्क रहें।

वृश्चिक : वृश्चिक राशि वालों का दिन शानदार रहेगा। नौकरी में तरक्की हो सकती है। पैसों के लेन-देन से बचें और लव लाइफ में थोड़ा ध्यान दें। यात्रा का योग है।

धनु : धनु राशि वालों के लिए दिन अच्छा रहेगा। ऑफिस से खुशखबरी मिल सकती है। लव लाइफ भी अच्छी रहेगी, लेकिन बहस से बचें। सेहत का ध्यान रखें।

मकर : मकर राशि वालों को मेहनत करनी होगी। मानसिक तनाव हो सकता है। बिजनेस में बड़ा निवेश न करें और टीम के साथ मिलकर काम करें। सेहत का ध्यान रखें।

कुंभ : कुंभ राशि वालों के लिए दिन अच्छा रहेगा। बिजनेस में मुनाफा होगा और आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। विद्यार्थी पढ़ाई पर ध्यान दें। सेहत में थोड़ी परेशानी हो सकती है।

मीन : मीन राशि वालों का दिन खास रहेगा। किसी की सोच को खुद पर हावी न होने दें। बिजनेस में नुकसान हो सकता है, तो निवेश से बचें। नौकरी में सराहना मिल सकती है। परिवार के साथ तालमेल रखें।

**जिल्हा परिषद, गडचिरोली**
**बांधकाम विभाग**

जा.क्र./जिपग/बांध/निविदा/492/2025 दिनांक : 04/02/2025

निविदा प्रकाशीत करण्याचा दिनांक :- 18/02/2025

निविदा स्विकृतीचा दिनांक (रु. 50 लक्ष आतील कामे):- 19/02/2025 ते 05/03/2025 पर्यंत

निविदा उघडण्याचा संभाव्य दिनांक 07/03/2025

निविदेची अंदाजीत एकुण किंमत :- रुपये- 9563615/- एकुण बांधकामे संख्या - 05

तपशिलवार निविदा सुचना इतर अटी व शर्ती, शेड्युल बी इत्यादी कार्यालयीन वेळेत कार्यालयाच्या सुचना फलकावर तसेच www.mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर पाहण्यास मिळेल.

राजेंद्र भुयार
अप्पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी
जिल्हा परिषद, गडचिरोली

विजय दोरखंडे
कार्यकारी अभियंता (बांधकाम)
जिल्हा परिषद, गडचिरोली

**मध्य रेल**

**रखरखाव कार्य**

**ई-खुली निविदा सूचना क्र. NGP-TDC-ELECT -2024-25-4RR दिनांक 17.02.2025.कार्य का नाम** : "Design, supply, erection, testing & commissioning of Modification work of balance 5 No. SP/SSP due to third line in WR - BPQ section and 3rd and 4th line in NGP - WR Section and Provision of earthing system (Buried rail) at 32 Nos. Switching Posts in connection with 3rd and 4th line (In CCD - NGP, NGP - WR and WR - BPQ section) of Central Railway NGP Division." **अनुमानित लागत**: रु. 4,73,74,526.57. **टेंडर फॉर्म का मूल्य** : रु. NIL. **कार्यालय का पता**: प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण) तीसरी मंजिल, नया प्रशासनिक भवन, डी. एन. रोड, मुंबई सीएसएमटी 400001. **बयाना जमा राशि** : रु. 3,86,900/-. **समापन अवधि**: नौ माह। **टेंडर प्रस्तुत करने की तारीख और समय**: 12.03.2025 को 15:00 बजे तक। **टेंडर खुलने की तारीख और समय**: 12.03.2025 को 15:30 बजे। **वेब का पता**: निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए **www.ireps.gov.in** इस वेबसाईट पर देखिये।

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर (निर्माण), मध्य रेल, नागपुर

AK/466

अपने जानवरों को रेल लाइन से दूर रखे

CMYK

# जिला चंद्रपुर-गढ़चिरोली



## 'डबल इंजन' सरकार अन्नदाताओं को खुश कर रही है: हेमंत पाटिल

**> किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए सरकार का 'सम्मान'**

**चंद्रपुर, सुनील तायडे.** कृषि प्रधान देश की खाद्य सुरक्षा विकास की परिभाषा में अंतिम चरण पर रहती है। इसलिए किसानों का वित्तीय सशक्तिकरण आवश्यक है। मायबाप की सरकार के बिना यह असंभव है। इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने हमेशा विकास की मुख्यधारा से वंचित रहे बलिराजा को सामने लाने का काम किया है। इंडिया अगेंस्ट करप्शन के राष्ट्रीय अध्यक्ष और ओबीसी नेता हेमंत पाटिल ने अपनी भावना व्यक्त करते हुए कहा कि 'डबल इंजन' सरकार अन्नदाताओं के लिए तारणहार साबित हो रही है क्योंकि किसानों को केंद्र के साथ-साथ राज्य सरकार से भी समर्थन मिल रहा है। राज्य में 20 लाख 50 हजार लाभार्थी किसानों को पीएम किसान सम्मान योजना के तहत हर साल 6,000 रुपये मिल रहे हैं। मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस के नेतृत्व वाली राज्य सरकार 'नमो शेतकारी' योजना के माध्यम से किसानों को 6,000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है। सम्मान निधि सीधे किसानों के खाते में पहुंचाई जा रही है, जिससे पारदर्शिता आई है। पाटिल ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं के माध्यम से हर साल 12,000 रुपये की धनराशि सीधे किसानों के खातों में हस्तांतरित की जा रही है।

पिछली सरकारों ने किसानों को मुख्यधारा में लाने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए। नरेन्द्र मोदी सरकार ने किसानों को सम्मान देने का काम शुरू किया। पाटिल ने कहा कि 'ऊर्जा श्रमिकों' को आर्थिक रूप से मजबूत बनाकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई योजनाओं का असर दिखने लगा है। महाराष्ट्र में कुछ किसान अभी भी दस्तावेज के अभाव में सरकारी मान्यता से वंचित हैं। पाटिल ने कृषि विभाग से भी इस पर गौर करने और किसानों को लाभ प्रदान करने की अपील की। केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना भी किसानों और उनके परिवारों को आर्थिक रूप से सुरक्षित रखने का काम कर रही है। 60 वर्ष की आयु के बाद किसानों को पेंशन योजना के माध्यम से 3,000 रुपये प्रति माह मिलेंगे। केंद्र सरकार ने हमेशा किसानों के लिए अपने हाथ खुले रखे हैं, कृषि उत्पादों की कीमतों में वृद्धि की है और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के माध्यम से बलिराजा की फसलों को सुरक्षित किया है। पाटिल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस के उत्कृष्ट प्रशासनिक कौशल के कारण राज्य के किसानों के अच्छे दिन आ गए हैं।

## पत्रकारों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**बालशास्त्री जांभेकर जयंती के अवसर पर जिला सूचना कार्यालय की विशेष पहल**

**गढ़चिरौली.**

मराठी पत्रकारिता के पितामह बालशास्त्री जांभेकर की जयंती के मौके पर पर पत्रकारों और उनके परिवारों के लिए 20 फरवरी 2025 को गढ़चिरौली में एक विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया है। यह शिविर जिला सूचना कार्यालय एवं जिला सामान्य अस्पताल के सहयोग से दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक जिला सामान्य अस्पताल में आयोजित किया जाएगा। शिविर में पत्रकारों और उनके परिवारों के लिए सामान्य स्वास्थ्य जांच की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, जिसमें रक्तचाप और मधुमेह परीक्षण, हृदय रोग, आंख, कान, नाक और दांत,गले के परीक्षण, यकृत और गुर्दे की जांच, ईसीजी, हीमोग्लोबिन परीक्षण, साथ ही स्त्री रोग और बाल रोग संबंधी जांच शामिल हैं।

इसके साथ ही पत्रकारों और उनके परिवारों के लिए आयुष्मान भारत योजना के तहत स्वास्थ्य कार्ड पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस सेवा का लाभ उठाने के लिए इच्छुक लोगों को अपना आधार कार्ड और आवश्यक दस्तावेज साथ लाने होंगे। जिला सूचना अधिकारी ने पत्रकारों एवं उनके परिजनों से इस शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

## पानी का बिल 15 दिनों में भरें और छूट पाएं

**> 1560 नल धारकों के खिलाफ कार्रवाई, 570 पानी के मीटर जब्त**

**चंद्रपुर, सुनील तायडे.**







चंद्रपुर नगर निगम उन नल मालिकों को 10 प्रतिशत की छूट दे रहा है जो भुगतान प्राप्त करने के पहले 15 दिनों के भीतर भुगतान करते हैं, और अगले 15 दिनों के भीतर भुगतान करने वाले नल मालिकों को 5 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। हालांकि, मनपा जल आपूर्ति विभाग ने बताया है कि यदि उक्त अवधि में भुगतान नहीं किया जाता है तो भुगतान राशि पर 2 प्रतिशत प्रतिमाह जुर्माना लगाया जाएगा तथा पानी के मीटर में किसी प्रकार की छेड़छाड़ पाए जाने पर दोगुना कर तथा 1,000 रुपए जुर्माना लगाया जाएगा। नल कनेक्शन लेते समय अपार्टमेंट में रहने वाले ग्राहक के नाम से अलग-अलग कनेक्शन लिया गया है। हालांकि, यह देखा गया है कि ऐसे नलों के माध्यम से बड़ी मात्रा में पानी बर्बाद हो रहा है। ऐसे 47 अपार्टमेंटों का रिकार्ड लिया गया है तथा उनके नल कनेक्शन काट दिए गए हैं तथा प्रति अपार्टमेंट एक नल कनेक्शन के आधार पर 25 मिमी या 50 मिमी आकार के कनेक्शन लेने के लिए नोटिस जारी किए गए हैं। इस बीच, बिना मीटर हटाए पानी का उपयोग करने वाले 1560 नल मालिकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है और 570 पानी के मीटर जब्त किए गए हैं। इसी तरह, बिना मीटर हटाए पानी का उपयोग करने वाले 2407 नल मालिकों का रिकॉर्ड लिया गया है और अगर वे अपने मीटर नहीं जोड़ते हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कुछ नल उपभोक्ता जल उपयोग शुल्क से बचने के लिए पाइप लाइन पर लगे पानी के मीटर को हटा देते हैं और पानी भर लेते हैं। इसलिए, नागरिकों को अक्सर शून्य रुपये का भुगतान करना पड़ता है। चूंकि यह एक कानूनी मामला है, इसलिए ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए, वाल्वमैन के माध्यम से नलधारकों को अगले 15 दिनों के भीतर जल आपूर्ति कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से या मोबाइल फोन के माध्यम से संपर्क करने और नल को जोड़ने के निर्देश भी दिए गए थे। लेकिन फिर भी, कुछ नल मालिक ऐसे ग्राहकों के खिलाफ नल न जोड़ने पर दंडात्मक कार्रवाई कर रहे हैं। नगर निगम द्वारा पाइप कटिंग के लिए 6 टीमें गठित की गई हैं। नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि जिन उपभोक्ताओं के नल का कनेक्शन काट दिया गया है, उन्हें पुनः कनेक्शन के लिए आवश्यक शुल्क का भुगतान करने के लिए नगर निगम जल आपूर्ति विभाग या जल टंकी कार्यालय से संपर्क करना चाहिए।

## किसान परिवार की पीढ़ियों से जमीन बचाने की लड़ाई



**चंद्रपुर.** टेकाम परिवार ने तालुका के बक्कड़ी और शिव बक्कड़ी में सर्वे संख्या 126 और 127 की अपनी पुश्तैनी जमीन को बचाने के लिए कड़ा रुख अपनाया है। टेकाम परिवार ने आरोप लगाया है कि जाली दस्तावेजों के आधार पर उस जमीन का स्वामित्व हासिल करने का प्रयास किया जा रहा है, जिस पर वे तीन पीढ़ियों से खेती करते आ रहे हैं। टेकाम परिवार ने बताया कि वित्तीय कठिनाइयों के कारण भूमि हस्तांतरण पंजीकृत नहीं हो सका। हालाँकि, वास्तविक स्वामित्व हमारा है। अब तक वे इस जमीन पर खेती करके अपना गुजारा करते रहे हैं और अब कुछ दलाल फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जमीन हड़पने की कोशिश कर रहे हैं। कोर्ट का फैसला हमारे पक्ष में है. टेकाम परिवार का दावा टेकाम परिवार ने बताया कि जब यह विवाद अदालत में गया तो अदालत ने उनके पक्ष में फैसला सुनाया। इसलिए आवेदकों ने चेतावनी दी है कि वे किसी भी हालत में इस जमीन को हड़पने का प्रयास नहीं होने देंगे. नीलामी की साजिश को विफल करने का संकल्प टेकाम परिवार ने आरोप लगाया है कि कुछ दलाल इस जमीन को नीलाम करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने जमीन को बचाने के लिए अंतिम क्षण तक लड़ने का संकल्प जताया है। इस संबंध में चेतावनी दी गई है कि यदि झूठे दस्तावेजों के आधार पर जमीन हड़पने का प्रयास किया गया तो कड़ा संघर्ष किया जाएगा। "यह जमीन हमारा पुश्तैनी हक है। हम इसका मालिकाना हक किसी को नहीं देंगे। अगर कोई गलत तरीके से इस जमीन को हड़पने की कोशिश करेगा तो हम कानूनी तरीके से उसका विरोध करेंगे। हम अंत तक सच्चाई के लिए लड़ेंगे!" टेकाम परिवार ने यह बात स्पष्ट कर दी है। किसानों की आवाज बुलंद है इस पूरी घटना से स्थानीय कृषक समुदाय में भी काफी हलचल मच गई है तथा टेकाम परिवार के प्रति समर्थन बढ़ रहा है। किसानों में यह भावना है कि यदि सत्य उनके पक्ष में होगा तो न्याय अवश्य मिलेगा।

## दूसरों के आतिथ्य से प्रेरणा लें और अपने जीवन को उज्ज्वल बनाएं: मुसले

**> 10वां विदाई समारोह, प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान**

**कोरपना.**



हाल ही में श्री प्रभु रामचंद्र विद्यालय में नौवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने आगामी बोर्ड परीक्षा में बैठने जा रहे दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई दी।

परीक्षा में बैठने जा रहे विद्यार्थियों को प्रेरित करने के लिए आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल के अथर्व देवदास मोहरले को शॉल व उपहार देकर सम्मानित किया गया। अमेरिका में मेडिकल की पढ़ाई कर पहली ही बार में भारतीय मेडिकल प्रवेश परीक्षा पास करने वाले डॉ. मकरंद विलास हजारे, स्कूल हॉकी प्रतियोगिता में महाराष्ट्र टीम का हिस्सा रहीं आराध्या संदीप खिरड़कर और महाराष्ट्र वॉलीबॉल टीम में चैंपियनशिप जीतने वाले सार्थक सुभाष खोके को शॉल, उपहार व उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कई विद्यार्थियों ने स्कूल के पिछले अनुभवों को आंखों से भरकर बयां किया।'

डॉ. मकरंद हजारे ने विद्यार्थियों के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष जनार्दन ढोले, कोषाध्यक्ष संजय मुसले, सचिव प्राचार्य डॉ. अनिल भोसले, संस्था सदस्य हनुमान ने की। प्रोफेसर विलास हजारे और प्रोफेसर देवीदास मोहरले उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन यश पुरुषोत्तम धाबेकर ने किया और निकिता विजय सतघरे ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कक्षा पांच के सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने कड़ी मेहनत की।

## बैलों का शंकरपट किसानों के लिए खुशी का त्यौहार है: अहीर

**चंद्रपुर.** साल भर खेती में मेहनत करने वाले देश के अन्नदाता बलिराजा के लिए शंकरपट आनंद, उत्साह और सुकून का त्योहार है। चूंकि यह त्योहार ग्रामीण लोगों के मनोरंजन का एक महत्वपूर्ण साधन है, इसलिए अदालत ने इस शंकरपट पर प्रतिबंध हटाकर किसानों का सम्मान किया है, ऐसा राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री हंसराज अहीर ने कहा। कोरपना तालुका के कवथला में 16 फरवरी 2025 को आयोजित बैलजोड़ी जंगी इनामी शंकरपटा के उद्घाटन के अवसर पर हंसराज अहीर बोल रहे थे। भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र और राज्य सरकारों ने किसानों के कल्याण के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाओं पर ध्यान केंद्रित करके किसानों के जीवन में क्रांति लाने की कोशिश की है। इस अवसर पर अहीर ने हर किसान से इन किसान-उन्मुख योजनाओं का लाभ उठाने की अपील भी की।

## 22 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**गढ़चिरोली.**

महाराष्ट्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, मुंबई के सदस्य सचिव तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं मुख्य जिला एवं सत्र न्यायाधीश वसंत कुलकर्णी के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गढ़चिरोली की ओर से शनिवार, 22 मार्च 2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया है। जिला व सत्र न्यायालय गढ़चिरोली/ अहेरी के साथ ही तालुका न्यायालय अहेरी, आरमोरी, चामोर्शी, देसाईगंज, धानोरा, कुरखेडा, सिरोंचा में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में राजीनामा योग्य फौजदारी मामले, सिविल दावे तथा न्यायालय में 40 वर्षों से लंबित पूर्व दायर मामले जैसे लंबित विवादों का दोनों पक्षों की सहमति से आपसी राजीनामे के जरिए निपटारा किया जाएगा। इसके लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गढ़चिरोली के अध्यक्ष, सचिव व सभी सदस्यों ने पक्षकारों, अधिवक्ताओं व नागरिकों से राष्ट्रीय लोक अदालत में बड़े पैमाने पर आपसी समझौते के जरिए मामलों का निपटारा करने की अपील की है। राष्ट्रीय लोक अदालत में निपटारे के लिए न्यायालय में लंबित सिविल व फौजदारी मामले, 138 एनआई एक्ट मामले, भूमि अधिग्रहण मामले, पारिवारिक मामले, मोटर वाहन दुर्घटना दावा मामले, आवेदन मामले, बैंक संबंधी मामले के साथ-साथ प्री-लिटिगेशन मामले, टेलीफोन व मोबाइल कंपनी से संबंधित मामले, महाराष्ट्र राज्य बिजली वितरण मामले, पंत संस्था से संबंधित मामले, नगर परिषद व ग्राम पंचायत के अंतर्गत कर वसूली मामले आदि शामिल होंगे।

किसी सार्वजनिक अदालत में पारित निर्णय को अदालत के आदेश के अनुसार लागू किया जा सकता है। जन अदालत में समझौता करने से लोगों का समय, प्रयास और पैसा बचता है। दोनों पक्षों के बीच दुश्मनी समाप्त हो जाती है तथा सौहार्दपूर्ण एवं अच्छे संबंध बनते हैं। महाराष्ट्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, मुंबई ने 22 मार्च 2025 को पूरे राज्य में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया है। मुख्य न्यायाधीश वसंत कुलकर्णी ने अपील की कि अधिक से अधिक मामलों को लोक न्यायालय में रखकर विवादों को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाया जाए।

## बहुजन विरोधी कांग्रेस नेतृत्व को सबक सिखाने का समय आ गया: डॉ. हुलगेश चालवाड़ी

**> उदित राज के बयान की सार्वजनिक निंदा**

**चंद्रपुर, सुनील तायडे.**



कांग्रेस शुरू से ही देश में बहुजनों के विरोध में काम करती रही है। इसलिए कांग्रेस में शामिल होने वाला हर व्यक्ति बहुजन विरोधी मानसिकता से ग्रस्त है। बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश महासचिव एवं पश्चिम महाराष्ट्र प्रभारी डॉ. हुलगेश चलवाड़ी ने यह विचार व्यक्त किया कि उत्तर प्रदेश की चार बार मुख्यमंत्री रहीं, बहुजनों की आधारशिला एवं देश की लौह महिला सुश्री मायावती के बारे में उदित राज जैसे व्यक्ति द्वारा दिया गया बयान कांग्रेस की बहुजन विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। डॉ. चलवाड़ी ने इस अवसर पर अपील की कि वैचारिक आंदोलन के माध्यम से बहुजन विरोधी कांग्रेस नेतृत्व को सबक सिखाने का समय आ गया है। उन्होंने उदित राज के बयान की खुलेआम निंदा की है और उनके खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की है। भारत रत्न डॉ. बाबासाहब अम्बेडकर के जीवित रहते हुए तथा उनके निधन के बाद करोड़ों शोषित व पीड़ित लोगों, दलितों व बहुजनों के आत्मसम्मान व स्वाभिमान के लिए किए गए मानवीय संघर्ष को अन्य दलों, विशेषकर कांग्रेस द्वारा हर स्तर पर तिरस्कृत किया गया है। डॉ. चलवाड़ी ने राय व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस कभी भी बहुजन समाज की विचारधारा और लक्ष्यों पर खरा नहीं उतर पाएगी। डॉ. चलवाड़ी ने कहा कि मायावती जी ने राय व्यक्त की है कि कांग्रेस चाहे जय बापू, जय भीम, जय मंडल, जय संविधान के नाम पर राजनीतिक चूल्हा जलाने और चुनावी राजनीति के लिए कितने भी कार्यक्रम आयोजित कर ले, डॉ. बाबासाहब के अनुयायी उनके प्रलोभन में नहीं आएंगे।

अंबेडकरवादी लोग जागरूक और सजग हैं तथा अपने पैरों पर खड़े होने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। लेकिन कुछ पक्षपाती, अवसरवादी और स्वार्थी दलित लोग अपने 'आकाओं' को खुश करने के लिए कोई भी बयानबाजी कर रहे हैं। बहुजन समाज को इनसे सतर्क रहने की जरूरत है। ऐसे बयानों और लोगों को गंभीरता से लेने की कोई जरूरत नहीं है। डॉ. चलवाड़ी ने कहा कि मायावती जी ने उनके खिलाफ दिए गए बयान का संज्ञान लिया है और राय व्यक्त की है कि यह वर्ग सामाजिक परिवर्तन के आंदोलन से अनभिज्ञ है.




CMYK

# आज से चैंपियंस ट्रॉफी का आगाज़

## कराची में पाकिस्तान- न्यूजीलैंड के बीच होगा मुकाबला

**कराची.**



चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की शुरुआत आज बुधवार 19 फरवरी से हो रही है। पहले मैच में मेजबान पाकिस्तान का सामना न्यूजीलैंड की टीम से है। ये मैच कराची के नेशनल बैंक स्टेडियम में खेला जाएगा। टूर्नामेंट की शुरुआत इसी मैच के साथ हो रही है, ऐसे में इस मैच पर दुनियाभर के क्रिकेट फैंस की नजरें रहेंगी। ऐसे में ये जान लेना जरूरी है कि कराची के नेशनल स्टेडियम की पिच कैसी है। कराची के नेशनल स्टेडियम की पिच को बल्लेबाजों का स्वर्ग कहा जाता है। इस मैच में बड़े स्कोर बनने की उम्मीद है। इस मैदान पर खेले गए 78 वनडे मैचों में से पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम 36 बार जीती है जबकि बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीम 39 बार जीती है। दूसरी पारी में इस विकेट पर स्पिनर्स को कुछ पकड़ मिल सकती है। चैंपियंस ट्रॉफी के मुकाबले कराची, लाहौर और रावलपिंडी में खेले जाएंगे।

इस टूर्नामेंट में वनडे की शीर्ष आठ टीमें हिस्सा ले रही हैं। चैंपियंस ट्रॉफी के 9वें संस्करण में भारत अपने सभी मुकाबले दुबई में खेलेगा। भारत ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए हाइब्रिड मॉडल की गुजारिश की थी, जिस पर आईसीसी ने सहमति जताई थी।

बहरहाल, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का उद्घाटन मुकाबला खेला जाएगा। न्यूजीलैंड ने हाल ही में ट्राई-सीरीज के फाइनल में पाकिस्तान को मात दी थी और यही वजह है कि पहला मैच जीतने का वो मजबूत दावेदार माना जा रहा है। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की शुरुआत आज से हो रही है। आपको बता दें कि, चैंपियंस ट्रॉफी में आज तक पाकिस्तान और न्यूजीलैंड की टीम तीन बार आमने-सामने हुई है और तीनों ही मुकाबलों में कीवी टीम ने जीत दर्ज की है। चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान और न्यूजीलैंड की टीम पहली बार 2000 में आमने-सामने हुई थी और वो मैच नैरोबी में खेला गया था। उस मैच में न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को छह विकेट से हराया था। उसके बाद दूसरी बार दोनों टीमों की भिड़ंत 2006 में हुई थी। ये मैच मोहाली में खेला गया था। वहां भी कीवी टीम ने 51 रनों से मुकाबला अपने नाम किया था। वहीं दोनों टीमों के बीच चैंपियंस ट्रॉफी में सबसे आखिरी मुकाबला साल 2009 में खेला गया था। यह मैच दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग स्टेडियम में हुआ था, जहां न्यूजीलैंड ने पांच विकेट से जीत दर्ज की थी। ऐसे में अब इन आंकड़ों को देखने के बाद अब यह कहना गलत नहीं होगा कि, चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान के खिलाफ अब तक कीवी टीम का दबदबा रहा है। टूर्नामेंट के पहले मैच में पाकिस्तान और न्यूजीलैंड की टीमें कराची के नेशनल स्टेडियम में आमने-सामने होंगी। इस मुकाबले में पाकिस्तान की टीम के पास इतिहास रचने का मौका होगा। इस मैच में जीत दर्ज करते ही पाकिस्तान की टीम कुछ ऐसा कारनामा करेगी, जो इससे पहले वो कभी नहीं कर पाई। एशिया कप 2008 में भारत बनाम हांगकांग मैच में इस मैदान का सबसे बड़ा स्कोर आया था जब टीम इंडिया ने 374 रन बनाए थे। कराची में दिन के कुछ समय के लिए बादल छाए रहने के साथ धूप रहने का अनुमान है लेकिन मौसम खेल के लिए अनुकूल रहेगा। 54% ह्यूमिडिटी के साथ 10% बारिश होने की उम्मीद है। हवा 21 किमी/घंटा की रफ्तार से चलेगी जिससे मौसम सुहावना हो जाएगा। चैंपियंस ट्रॉफी में न्यूजीलैंड को अपना पहला मैच मेजबान पाकिस्तान के साथ खेलना है। उससे पहले टीम को एक बड़ा झटका लगा है। न्यूजीलैंड टीम का मैच विनर खिलाड़ी चोट के चलते पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गया है।



न्यूजीलैंड टीम के धाकड़ तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन दाहिने पैर में चोट के कारण चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह न्यूजीलैंड की टीम में दूसरे तेज गेंदबाज काइल जैमीसन को शामिल किया गया है। दुबई में खेली गई आईएल टी20 लीग के दौरान फर्ग्यूसन को चोट लग गई थी। अब उनका चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर होना न्यूजीलैंड के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है। बता दें, सभी टीमों ने इस महीने की शुरुआत में आईसीसी को अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी थी और इसमें बदलाव केवल इवेंट तकनीकी समिति की मंजूरी से ही किया जा सकता है। लॉकी फर्ग्यूसन ने न्यूजीलैंड के लिए अभी तक 65 वनडे मैच खेले हैं।

जिसमें गेंदबाजी करते हुए उन्होंने 99 विकेट चटकाए हैं। इस दौरान लॉकी फर्ग्यूसन का बेस्ट गेंदबाजी प्रदर्शन 45 रन देकर 5 विकेट लेना रहा है। लॉकी ने न्यूजीलैंड के लिए अपना आखिरी वनडे इंटरनेशनल मैच 15 नवंबर 2023 को खेला था। ये मुकाबला वनडे विश्व कप में टीम इंडिया के खिलाफ था। हालांकि, इस मैच में उनका प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा था और उन्होंने गेंदबाजी करते हुए 8 ओवर में 65 रन दिए थे, जबकि उनको कोई विकेट भी नहीं मिला था।

### लॉकी फर्ग्यूसन चोट के कारण चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर



□ लॉकी फर्ग्यूसन की जगह काइल जैमीसन को टीम में शामिल किया गया। जांच करने के बाद न्यूजीलैंड क्रिकेट के मेडिकल ने कहा कि लॉकी फर्ग्यूसन टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए समय पर फिट नहीं हो पाएंगे। वह अपनी फिटनेस पर काम शुरू करने के लिए घर लौटेंगे। लॉकी फर्ग्यूसन आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से बाहर होने वाले न्यूजीलैंड के दूसरे खिलाड़ी बन गए। इससे पहले बेन सियर्स भी चोट के कारण बाहर हो गए थे, उनकी जगह तेज गेंदबाज जैकब डफी को शामिल किया गया था।

### कराची की पिच पर जमकर बरसते हैं रन



लाइव: भारतीय समय पर दोपहर 2:30 से होगा मैच शुरू

□ कराची के नेशनल स्टेडियम की पिच को बल्लेबाजों का स्वर्ग कहा जाता है। इस मैच में बड़े स्कोर बनने की उम्मीद है। इस मैदान पर खेले गए 78 वनडे मैचों में से पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम 36 बार जीती है जबकि बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीम 39 बार जीती है। दूसरी पारी में इस विकेट पर स्पिनर्स को कुछ पकड़ मिल सकती है। एशिया कप 2008 में भारत बनाम हांगकांग मैच में इस मैदान का सबसे बड़ा स्कोर आया था जब टीम इंडिया ने 374 रन बनाए थे।

# महाराष्ट्र के पियूष का भारतीय लेक्रोज़ टीम में चयन

## जापान में एशियाई प्रतियोगिता में पियुष का प्रदर्शन

**नागपुर.**



ओकीनावा, जापान में 20 से 24 फरवरी 2025 तक आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए महाराष्ट्र के पियूष प्रवीण खोपे का भारतीय टीम में चयन हुआ है। आगरा में आयोजित लेक्रोज़ के प्रथम फेडरेशन कप तथा राष्ट्रीय सीनियर प्रतियोगीता मे उनका प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा है। उन्होंने उदयपुर में द्वितीय राष्ट्रीय सीनियर प्रतियोगिता में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इन आधारों पर पियूष का चयन भारतीय टीम में हुआ है। पोलिस लाइन टाकली निवासी पियूष, राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज विद्यापीठ में शारीरिक शिक्षण विभाग एमपीईडी के प्रथम वर्ष के छात्र और खिलाडी हैं। उनके पिता हवलदार हैं और उनके मार्गदर्शक डॉ मोहम्मद बाबर हैं। पियूष आज प्रातः बैंगलोर के लिए रवाना हो गए हैं, वहां से वे सीधे जापान जाएंगे। डॉ मोहम्मद बाबर, ॲड. सूदीप मानवटकर, डॉ.मनोज मडावी, ऋशिकेश टेमबुरकर, हर्ष श्रीवास्तव, महंत पोटभरे, नयन, मनीष, पुनम, सुहानी सहित समस्त शिक्षण मंडल और उनके माता-पिता ने विदाई के अवसर पर सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा कर देश का नाम रोशन करने के लिए सफलता की कामना की हैं।

# भारत का प्रतिनिधित्व करेगी मनाली की 'जन्नत'



देश को पदक की उम्मीदें

हिमाचल प्रदेश के जिला कुल्लू की जन्नत ठाकुर अब एशियाई स्कीइंग प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी. बीजिंग में 33वीं एशियाई अल्पाइन स्कीइंग चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए जन्नत पूरी तरह से तैयार हैं. यह प्रतियोगिता आज 19 फरवरी से 2 मार्च तक चीन के यानकिंग में आयोजित की जाएगी.

# महज 18 वर्ष की उम्र में जोआओ ने जीता एटीपी टूर खिताब

**नई दिल्ली.**

ब्राजील के 18 साल के खिलाड़ी जोआओ फोंसेका ने स्थानीय खिलाड़ी फ्रांसिस्को सेरुंडोलो को हराकर अपने करियर का पहला एटीपी टूर खिताब जीत लिया। ब्राजील के युवा खिलाड़ी ने अर्जेंटीना ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में सेरुंडोलो को 6-4, 7-6 से हराया। इसके साथ ही वर्ष 2000 के बाद वे एटीपी टूर खिताब जीतने वाले चौथे सबसे युवा खिलाड़ी बन गए। उनसे पहले केई निशिकोरी, राफेल नडाल और कार्लोस अल्कारेज यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं। वहीं फोंसेका एटीपी टूर के इतिहास में 10वें सबसे युवा चैंपियन हैं। जोआओ फोंसेका ने खिताब जीतने के बाद कहा कि अर्जेंटीना में भी ब्राजील के लोग मेरा उत्साहवर्धन कर रहे हैं। यह आश्चर्यजनक है। मैं जो जी रहा हूं वह अविश्वसनीय है। मैं अपने दोस्तों और परिवार के सदस्यों का धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने मुझे मेरा सपना पूरा करने में मदद की।



## एएफसी अंडर-20 कप:
# दक्षिण कोरिया की शानदार जीत



**शेन्ज़ेन.** दक्षिण कोरिया ने ग्रुप डी में थाईलैंड को 4-1 से हराकर एएफसी अंडर-20 एशियाई कप के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। सोमवार को खेले गये मुकाबले में योत्सकोन बुराफा के बॉक्स से बाहर के शॉट ने थाईलैंड को 23वें मिनट में बढ़त दिलाई। इसके बाद दक्षिण कोरिया के यूं डो-योंग ने 32वें मिनट में गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। दक्षिण कोरिया के किम ताए-वोन ने 59वें और 86वें मिनट में दो गोल किए। स्थानापन्न पार्क सेउंग-सू की ओर से किये गये चौथे गोल ने दक्षिण कोरिया की जीत पक्की कर दी। इसी के साथ दक्षिण कोरिया ने अंतिम आठ में जगह बना ली हैं।

इससे पहले हुये जापान और सीरिया के बीच मुकाबला 2-2 से बराबरी पर छूटा। सीरिया के मोहम्मद अल मुस्तफा ने 10वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद जापान के युटो ओजेकी ने 24वें मिनट में गोल दागकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। अहमद सौफी ने 33वें मिनट में गोलकर सीरिया को फिर से बढ़त हासिल दिलाई। इसके बाद जापान के रेंटो ताकाओका ने 85वें मिनट में गोल कर फिर से स्कोर को 2-2 बराबरी पर ला दिया। जापान को तीसरे दौर के लिए केवल एक ड्रॉ की आवश्यकता है। वही थाईलैंड दो हार के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो चुका है।

# मनु भाकर को पूरी करनी है मां की ख्वाहिश

**नई दिल्ली.** मनु भाकर ये नाम भारतीय खेलों की नई सनसनी का है. ये नाम देश के लिए इतिहास की बेमिसाल इबारत लिखने वाली उस लड़की का है, जो 18 फरवरी 2025 को 23 साल की हो चुकी है. अगर कहा जाए कि मनु भाकर के लिए बीते एक साल सपने को जीने जैसे रहे तो गलत नहीं होगा. उसने हर उस कामयाबी को हासिल किया, जिसे वो पाना चाहती थी.

और, उसे मिली उन तमाम कामयाबियों की सिर्फ एक वजह रही, उसकी पिस्टल.उसके तमंचे से निकली गोली ने उसकी शोहरत में चार चांद लगाए. मगर मां की ख्वाहिश का क्या,जो मनु भाकर को अब भी पूरी करनी बाकी है. और, इस केस में पिस्टल काम नहीं आने वाला. अब आप सोच रहे होंगे कि मनु भाकर की मां की ख्वाहिश क्या है? तो उनका सपना है अपनी बिटिया के नाम के आगे डॉक्टर जुड़े हुए देखना, जिसके बारे में मनु भाकर ने पिछले साल अपने सम्मान में डीएसआरए की ओर से होस्ट किए डिनर के दौरान बताया था. उन्होंने कहा था कि मेरी मां चाहती है कि मेरे नाम के आगे डॉक्टर लगे. और, यही वजह है कि वो पीएचडी करना चाहती हैं. अब बात तो साफ है कि मां की ख्वाहिश पिस्टल से तो पूरी नहीं हो सकती. इसके लिए पढ़ना पड़ेगा. मनु भाकर अपनी मां की ख्वाहिश कब तक पूरी करेंगी, ये देखने वाली बात होगी. मगर उन्होंने अपने जीवन के 23वें वसंत में कदम रखने से पहले तक काफी कुछ कर दिखाया है. उन्होंने वैसा भी कुछ किया है, जो आजादी के बाद किसी भारतीय ने किया ही नहीं. वो देश की आजादी के बाद एक ही ओलंपिक में 2 मेडल जीतने वाली पहली भारतीय एथलीट बनी हैं. उन्होंने 2024 में हुए पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट के सिंगल्स और टीम इवेंट में ब्रॉन्ज जीता था.



# लिवरपूल बनी इस सीजन यूरोप की सबसे सफल टीम

**नई दिल्ली.** लुइस डियाज और मोहम्मद सालाह के गोल से लिवरपूल ने इंग्लिश प्रीमियर लीग के मैच में वॉल्वरहैम्प्टन को 2-1 से हरा दिया। इसके साथ ही लिवरपूल इस सीजन यूरोप की सबसे सफल फुटबॉल टीम बन गई है। यूरोप की सभी बड़ी पांच फुटबॉल लीग में से लिवरपूल ने 40 में से 30 मैच जीतकर शीर्ष पर जगह बनाई है, इस दौरान उसने छह मैच ड्रॉ खेले हैं, जबकि चार हारे हैं। इस बीच वॉल्वरहैम्प्टन की यह लिवरपूल के खिलाफ खेले 22 मैचों में 18वीं हार है। सालाह ने मैच के 37वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदला, इसके साथ ही एनफील्ड स्टेडियम में उनके 101 गोल पूरे हो गए। प्रीमियर लीग इतिहास में एक स्टेडियम में सर्वाधिक गोल करने वाले वे तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं। उनसे आगे सजियो एगुएरो (एतिहाद स्टेडियम, 106 गोल) और थिएरे हैनरी (हाइबेरी स्टेडियम, 116 गोल) हैं।



# दुबई में शबनम का अहम रोल

## टीम इंडिया से इस्पीनर को होगा फायदा

**दुबई.**







दुबई में मुकाबला मतलब शबनम से पाला पड़ना तय है. शबनम यानी की ओस, जो कि दुबई के इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाने वाले मैचों में बड़ा रोल प्ले करती है. टॉस जीतकर चेज करने वाली टीमों के लिए यहां हमेशा विन-विन सिचुएशन रहा है. चैंपियंस ट्रॉफी में टीम इंडिया को अपने सभी मुकाबले दुबई में ही खेलने हैं. अब कप्तान रोहित शर्मा टॉस जीते तो ठीक लेकिन अगर नहीं जीते तो क्या होगा? क्या शबनम से बच पाएगी टीम इंडिया? उसी सवाल का जवाब तलाशने की कोशिश में रोहित-विराट समेत टीम इंडिया के बाकी खिलाड़ियों ने उठा लिए हैं अपने-अपने हथियार और रात में प्रैक्टिस कर खुद को शबनम नाम की चुनौती के लिए तैयार करते दिख रहे हैं. आईसीसी ने दुबई में भारतीय खिलाड़ियों की बैटिंग प्रैक्टिस का एक पोस्ट किया है, जिसमें रोहित, विराट, राहुल, पंत, हार्दिक जैसे खिलाड़ी अपने बल्ले की नुमाइश करते दिख रहे हैं. नेट्स पर गेंद से टकराने के बाद उनके बल्ले से निकलने वाली आवाज बताने को काफी है कि तैयारी कितनी पुख्ता चल रही है. चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आगाज आज से होना है. उससे पहले दुबई में जो टूर्नामेंट का एक वॉर्म अप मैच खेला गया, उसमें भी चेज करने वाली टीम ने ही जीत दर्ज की. इस मैच में पाकिस्तान शाहीन्स ने बांग्लादेश से मिले 203 रन के लक्ष्य को 91 गेंद पहले चेज कर लिया था. साफ है कि दुबई में चेज करने वाली टीमों का दबदबा रहा है. फिर चाहे आंकड़े एक दशक पहले के हों या फिर बीते कुछ सालों के या लेटेस्ट. हर वक्त में दुबई की पिच ने सेकंड बैटिंग करने वाली टीम का ही साथ ज्यादा दिया है. और, ऐसा होने के पीछे की सबसे बड़ी वजह है शबनम, जिसके मैदान पर होते हुए गेंदबाजी कर रही टीम के लिए गेंद को ग्रिप करना आसान नहीं होता, जिससे विरोधी बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका मिल जाता है.अब ये तो तय है कि ज्यादातर मौकों पर दुबई में मैच वही टीम जीतेगी,जो टॉस की बॉस बनेगी. लेकिन, सिक्का अगर फेवर नहीं गिरा तो बल्लेबाजी तो पहले करनी होगी. और, उस सूरत में कोशिश यही रहनी चाहिए कि स्कोर बोर्ड पर इतने रन टांग दिए जाएं कि मैदान पर शबनम के होते हुए भी लक्ष्य को भेद पाना विरोधी टीम के लिए आसान ना हो. भारतीय बल्लेबाजों की तैयारी का जो वीडियो सामने आया है, उसे देखकर उनके उसी इरादे का पता चलता है. हालांकि, रात में दुधिया रोशनी के नीचे हुई टीम इंडिया की इस जोरदार बैटिंग प्रैक्टिस के सेशन का नतीजा क्या निकलेगा, ये तो वक्त ही बताएगा. वैसे इसके फायदे की बात हम करेंगे.

# स्मृति मंधाना की धमाकेदार बल्लेबाजी

**नई दिल्ली.**



कप्तान स्मृति मंधाना और डेनिएल वायट की तूफानी बल्लेबाजी की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने वूमेंस प्रीमियर लीग 2025 के चौथे मुकाबले में सोमवार को दिल्ली कैपिटल्स को 22 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया। यह आरसीबी की इस सीजन की लगातार दूसरी जीत है। इसी के साथ वह अंक तालिका के टॉप पर बनी हुई है। वहीं दिल्ली कैपिटल्स ने एक मैच जीता है और एक में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। दिल्ली कैपिटल्स के 141 के लक्ष्य के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी आरसीबी के लिए स्मृति मांधना और डेनिएल वायट की सलामी जोड़ी ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए तेजी के साथ रन बटोरे। दोनों बल्लेबाजों के बीच पहले विकेट के लिए 107 रनों की साझेदारी हुई। 11वें ओवर में अरुंधति रेड्डी ने डेनिएल वायट को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। डेनिएल वायट ने 33 गेंदों में सात चौके लगाते हुए (42) रन बनाये। स्मृति मंधाना ने 46 गेंदों में 10 चौके और तीन छक्के लगाते हुए (81) रनों की पारी खेली। उन्हें 16वें ओवर में शिखा पांड़े ने आउट किया। आरसीबी ने 16.2 ओवर में 146 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। एलिस पेरी (सात) और ऋचा घोष (11) रन बनाकर नाबाद रही। दिल्ली की ओर अरुंधति रेड्डी और शिखा पांड़े ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां आरसीबी की कप्तान स्मृति मांधना ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ही ओवर में सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (शून्य) का विकेट गवां दिया।

# जेल परिसर में ही 'कैदियों' को संगम के जल से स्नान

**उन्नाव.**



144 साल बाद महाकुंभ के दुर्लभ संयोग को लेकर पूरे देश में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है। हर कोई तीर्थनगरी संगम में जाकर डुबकी लगाना चाहता है। प्रयागराज में इस महापर्व का पुण्य लेने के लिए दुनियाभर से लाखों श्रद्धालु संगम त्रिवेणी में डुबकी लगाकर खुद को भाग्यशाली मान रहे हैं। वहीं, दूसरी ओर महाकुंभ को लेकर उन्नाव जेल में बंद कैदियों को भी संगम के जल से स्नान करने का सौभाग्य मिला है।

**सामूहिक रूप से संगम के जल से कैदियों ने किया स्नान:** उन्नाव जेल के कैदियों को संगम त्रिवेणी के पवित्र जल से स्नान कर महाकुभ के पर्व का पुण्य कमाने का मौका दिया गया है। इसको लेकर उन्नाव जिला जेल प्रशासन ने खास तौर पर व्यवस्था की। जेल परिसर के अंदर कैदियों के संगम के जल से स्नान का सामूहिक वीडियो भी सामने आया है। बड़े से टब में डाला गया संगम का जल ये वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि जेल परिसर के अंदर एक बड़े से टब में पानी भरा गया। इस बड़े से टब में ही महाकुंभ के संगम से लाए पवित्र जल को डाला गया। इसी में कैदियों को नहाने के लिए बोला गया।

इसके बाद सारे कैदी टब में से लोटे द्वारा पानी निकाल-निकाल कर संगम से लाए जल से स्नान कर रहे हैं। कैदियोंकेस्नानकीखासव्यवस्थाकीगई उन्नाव जिला जेल अधीक्षक पंकज कुमार सिंह ने उच्च अधिकारियों के आदेश पर प्रयागराज त्रिवेदी संगम का जल से जेल में बंद बंदियों और कैदीयों को स्नान करवाने के लिए खास तरह की व्यवस्था की।

इसके लिए संगम के जल को प्रयागराज से मंगवा कर जेल में बने बड़े से टब को फूल-माला से सजाकर में संगम के पवित्र जल को पुरे विधि विधान से मिलाया गया।

**कैदियों ने लगाए हर-हर गंगे के जयकारे:** इस पवित्र जल से जेल में बंद कैदियों को स्नान कराया गया। कैदियों द्वारा हर-हर गंगे के जयकारे लगाए गए। कैदियों ने संगम के पवित्र जल से नहाने के बाद भगवान सूर्य को अर्घ भी दिया। इस वायरल वीडियो को लेकर जेल के अधिकारी के प्रयासों के खूब सराहना हो रही है।

# लालू यादव को भी भविष्य में मिलेगा 'भारत रत्न' : तेजस्वी

> भड़की बीजेपी और जेडीयू

**पटना.**



आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने राजनीतिक विरोधियों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आरक्षण लागू करने पर कर्पूरी ठाकुर की आलोचना करने वाले उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किए। तेजस्वी यादव ने कहा कि आज जो लोग लालू प्रसाद यादव की आलोचना कर रहे हैं। वे ही भविष्य में उन्हें सम्मानित करेंगे। तेजस्वी ने कहा कि जो लोग आज लालू जी को गाली दे रहे हैं, भविष्य में वही लोग उन्हें भी भारत रत्न देंगे।"

**जेडीयू ने तेजस्वी यादव पर बोला हमला:** तेजस्वी यादव के इस बयान बाद बीजेपी और जेडीयू ने आरजेडी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा कि तेजस्वी यादव के बयान से हैरानी होती है। एक सजायाफ्ता को भारत रत्न मिलेगा इसकी उम्मीद भी हास्यास्पद है। क्या कभी किसी कुख्यात घोटाले के आरोपी को भारत रत्न मिला है।

**तेजस्वी यादव पर बीजेपी भी भड़की:** तेजस्वी प्रसाद यादव द्वारा लालू प्रसाद यादव के लिए भारत रत्न की मांग पर बिहार सरकार के मंत्री और बीजेपी नेता कृष्णानंद पासवान ने कहा कि तेजस्वी अगर परिपक्व नेता होते तो यह बात नहीं कहते, उन्हें शर्म नहीं आती।

लालू प्रसाद यादव दुनिया के सबसे बड़े घोटालेबाज व्यक्ति हैं। बिहार का खजाना लूट लिया गया था। बिहार में अपहरण का उद्योग चलता था। ऐसे घोटालेबाज व्यक्ति के लिए भारत रत्न की उपाधि मांगना राजनीति में धिक्कार है। वहीं, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और मंत्री दिलीप जायसवाल ने तेजस्वी यादव के बयान पर कहा कि कुछ लोगों की आदत होती है दिन में सपना देखने और उल्टा-पुल्टा बोलने की।

भारत रत्न मिलने की एक अलग गरिमा होती है, क्या एक सजायाफ्ता आदमी को भारत रत्न मिल सकता है..?

# कामायनी एक्सप्रेस ट्रेन में बम होने की सूचना के बाद मचा हड़कंप

**सागर.**

> डिब्बों से यात्रियों को निकाला गया बाहर



कामायनी एक्सप्रेस ट्रेन में बम होने की सूचना पर हड़कंप मच गया। ट्रेन को मध्य प्रदेश के सागर जिले के बीना जंक्शन पर रोककर जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार मंगलवार को बीना रेलवे स्टेशन पर उस समय हड़कंप मच गया, जब एक ट्रेन में बम होने की सूचना आरपीएफ को लगी। बलिया से लोकमान्य तिलक टर्मिनस तक जाने वाले ट्रेन नंबर 11072 कामायनी एक्सप्रेस को बीना स्टेशन पर रोका गया। आरपीएफ, जीआरपी के साथ ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई है।

**डिब्बे से यात्रियों को निकाला गया:** भोपाल कंट्रोल रूम रेलवे के आदेश पर ट्रेन की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि ट्रेन में बम होने की अफवाह के चलते ये सारी कवायद की गई। कुछ डिब्बों से यात्रियों को भी निकाला गया और जांच की गई। मामले की जानकारी मिलने के बाद बम स्क्वॉड की टीम भी पहुंची है और ट्रेन की जांच कर रही है। सुरक्षा की दृष्टि से सागर रेलवे स्टेशन पर भी जांच की जा रही है। जांच के बाद ही ट्रेन को आगे जाने की इजाजत दी जाएगी।

**यात्रियों के बैग की भी जांच:** जानकारी के अनुसार, ट्रेन के अंदर और यात्रियों के बैग की भी जांच की गई है। अभी तक बम नहीं मिला है। रेलवे स्टेशन पर भी जांच की जा रही है। ट्रेन की पूरी तरह से तलाशी के बाद अगर कुछ नहीं मिलेगा तो बम की सूचना को अफवाह घोषित कर ट्रेन को आगे के लिए रवाना कर दिया जाएगा।

**जबलपुर के स्कूल में भी बम की धमकी:** उधर, जबलपुर के एक प्राइवेट स्कूल में बम की अफवाह से हड़कंप मच गया। रांझी के सेंट गेब्रियल हायर सेकेंडरी स्कूल में बम की धमकी मिली है। स्कूल के ईमेल पर बम की धमकी भेजी गई। बम डिस्पोजल स्क्वॉड की टीम मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है।

# नाबालिग लड़कियों के यौन शोषण के आरोप में 7 युवक हिरासत में

**जयपुर.**

नाबालिग लड़कियों के यौन शोषण के आरोप में सात मुस्लिम युवक हिरासत में लिए गए हैं। दरअसल ब्यावर जिले के बिजयनगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने नाबालिग लड़कियों का यौन शोषण करने के आरोप में इन मुस्लिम युवकों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने ये जानकारी सोमवार को दी। पुलिस ने बताया कि 5 नाबालिग लड़कियों के परिजनों की ओर से ब्यावर जिले के बिजय नगर थाने में यौन शोषण, दुष्कर्म, पीछा करने और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत 10 मुस्लिम युवकों के खिलाफ 3 प्राथमिकी दर्ज करवाई गई हैं। पुलिस उपाधीक्षक सज्जन सिंह ने बताया कि 5 नाबालिग लड़कियों की ओर से शिकायत दी गई है कि कुछ लोगों ने उन्हें चीन में निर्मित मोबाइल फोन दिए और उनका यौन शोषण किया। इस मामले में तीन प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। लड़कियों के बयान दर्ज किए गए हैं। इस मामले में न्यायिक जांच लंबित है। सात लोग हिरासत में, पूछताछ जारी पुलिस ने बताया कि इस मामल में 7 लोगों को हिरासत में लिया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों ने सोशल मीडिया के जरिए नाबालिग लड़कियों से संपर्क किया था और बातचीत के लिए उन्हें चीन में निर्मित मोबाइल फोन दिए थे। लड़कियों का आरोप है कि उन्हें ब्लैकमेल किया जा रहा था और धर्म के बारे में बातचीत करने के लिए मजबूर किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि पुलिस इस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

# एसी, कुर्सी, पंखे और एलईडी तक चुरा ले गए मनीष सिसोदिया

**दिल्ली.**

> पटपड़गंज से बीजेपी विधायक का बड़ा आरोप



विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी की हार हुई है। भारतीय जनता पार्टी दिल्ली में 27 साल बाद अपना सीएम बनाने जा रही है।

इस बीच, आम आदमी पार्टी और बीजेपी के नेताओं में आरोप-प्रत्यारोप का दौर चल रहा है। पटपड़गंज से बीजेपी विधायक रवींद्र सिंह नेगी ने पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया पर बड़ा आरोप लगाया है।

**विधायक ऑफिस से सारा सामान चुरा ले गए सिसोदिया:** बीजेपी विधायक रवींद्र सिंह नेगी ने आरोप लगाते हुए कहा, 'पटपड़गंज के विधायक ऑफिस से मनीष सिसोदिया और आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सारा सरकारी सामान चोरी कर लिया है।

मनीष सिसोदिया और उनके पार्टी कार्यकर्ताओं ने विधायक ऑफिस से एसी, कुर्सी, पंखे और एलईडी सब चुरा लिए हैं।'

**आम आदमी पार्टी की ओर से** सरकार की ओर से नहीं दिया गया कोई सामान इस बारे में पीडब्ल्यूडी के जेई वेद प्रकाश से बात की तो उनका कहना था कि उन्होंने विधायक ऑफिस को कोई सामान ही नहीं दिया था।

वहीं, मनीष सिसोदिया का जो विधायक प्रतिनिधि है। उसका कहना है कि एक भी सरकारी सामान हम नहीं ले गए हैं। जो हमारा सामान था। कार्यकर्ताओं का सामान था वही ले कर गए हैं।

**अभी नहीं आई कोई प्रतिक्रिया:** इसके साथ ही सिसोदिया के प्रतिनिधि ने ये भी कहा कि जो 2 एसी गायब होने का आरोप लगा रहे हैं, वो एसी किराए पर लिया गया था। जिसका एसी था वो ले गए।

बीजेपी विधायक द्वारा मनीष सिसोदिया पर लगाए गए आरोपों पर अभी आम आदमी पार्टी की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

# टोरंटो एयरपोर्ट पर लैंडिंग के वक्त पलटा विमान

**टोरंटो.**

> चमगादड़ों की तरह लटके यात्री



कनाडा में विमान हादसा हुआ है। टोरंटो के पियर्सन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सोमवार को डेल्टा एयरलाइंस का विमान हादसे का शिकार हुआ है। इस हादसे में कम से कम 19 लोग घायल हो गए। विमान में 76 लोग सवार थे। विमान बर्फीले रनवे पर फिसला और फिर पलट गया। हादसे के बाद डेल्टा एयरलाइंस की ओर से कहा गया है कि विमान किन वजहों से हादसे का शिकार हुआ इसकी जांच चल रही है।

**15 साल पुराना था विमान**

विमान ने मिनियापोलिस से सुबह 11:47 बजे उड़ान भरी थी। हादसे के बाद जिस तरह की तस्वीरें सामने आई हैं उनमें विमान उल्टा दिख रहा है। ओंटारियो की एयर एम्बुलेंस सेवा 'ऑरेंज' के मुताबिक तीन मरीजों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह 15 साल पुराना विमान था और 2013 से डेल्टा एयरलाइंस की फ्लीट में शामिल था।

**चमगादड़ की तरह लटके हुए थे'**

विमान हादसे के बाद एक यात्री पीट कूकोव ने कहा कि जब तक वो जमीन पर नहीं गिरे, तब तक उन्हें कुछ भी पता नहीं चल रहा था कि मामला क्या है। रिपोर्ट के मुताबिक कूकोव ने कहा कि हम जमीन से टकराए, विमान पलट चुका था और हम लोग चमगादड़ की तरह उलटे लटके हुए थे। उन्होंने कहा, 'मैं खुद को भाग्यशाली और खुशनसीब समझता हूं। मैं जिस व्यक्ति के बगल में बैठा था उसे नहीं जानता था लेकिन मुझे मौका मिला कि मैं उसे गले लगा सकूं। मेरे दोस्त मुझे हवाई अड्डे पर लेने आए थे, जिन्हें मैंने गले लगाया।

**रनवे पर नजर आई बर्फ'**

जॉन नेल्सन नाम के यात्री ने बताया कि उन्हें नहीं पता था कि विमान में कुछ गड़बड़ है। उन्होंने बताया कि जैसे ही वह टोरंटो में पहुंचे तब उन्होंने रनवे पर बहुत सारी बर्फ देखी। उन्होंने कहा, 'जब हम रनवे से टकराए तो जोरदार झटका लगा। टक्कर के बाद विमान फिसला और फिर पलट गया। उन्होंने कहा कि जब विमान रुका तो चीख पुकार मच गई।

# केरल में छात्र की खौफनाक रैगिंग

**तिरुवनंतपुरम.**

> पहले बेल्ट और लाठियों से पीटा,
> फिर पानी मांगने पर गिलास में थूक कर दिया



देश में रैगिंग के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। ये केस आए दिन आए दिन सामने आ रहे हैं। केरल के तिरुवनंतपुरम में एक सरकारी कॉलेज के छात्र की रैगिंग का मामला सामने आया है। तिरुवनंतपुरम में एक सरकारी कॉलेज के छात्र ने सीनियर्स पर रैगिंग आरोप लगया है और यह भी दावा कि उन्होंने उसकी बेरहमी से पिटाई भी की। मामला कोट्टायम के एक सरकारी नर्सिंग कॉलेज का है। इससे केरल में व्यापक जन आक्रोश फैला हुआ है। पीड़ित छात्र के अनुसार, उसने घटना के दिन ही पुलिस और कॉलेज प्रशासन को शिकायत कर दी थी। पीड़ित प्रथम वर्ष के बायोटेक्नोलॉजी का छात्र है। पीड़ित छात्र ने बताया कि उसके सीनियर्स ने 11 फरवरी को उसके साथा कैंपस में मारपीट की और उसका उत्पीड़न किया। पीड़ित ने यह भी बताया कि उसे धमकी भी दी गई।

**बेल्ट और लाठियों से पीटा:** पीड़ित छात्र ने बताया कि यह घटना उस समय हुई जब मैं और मेरा दोस्त अभिषेक कैंपस से गुजर रहे थे। तभी सीनियर छात्रों के एक ग्रुप ने हमें रोक लिया और मुझे पीटना शुरू कर दिया। मेरा दोस्त किसी तरह वहां से भाग निकला और प्राधानाचार्य को इसकी जानकारी दी। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि उसे बेल्ट और लाठियों से पीटा गया।

**दोस्त के खिलाफ शिकायत करने के लिए किया मजबूर'**

पीड़ित छात्र ने आगे बताया कि इसके बाद मुझे यूनिट रूम में ले जाया गया और वहां बंद कर दिया गया। मेरी शर्ट उतार दी गई और उन्होंने मुझे घुटनों के बल बैठा दिया।

जब मैंने पीने के लिए पानी मांगा, तो उनमें से एक ने आधा गिलास पानी में थूका और मुझे दे दिया। साथ ही मुझे धमकी भी दी गई कि अगर मैंने इस घटना के बारे में किसी को भी बताया तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। छात्र ने बताया कि आरोपी छात्रों ने उसे अपने दोस्त के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने के लिए भी मजबूर किया।

**केस दर्ज:** कझाकुट्टम थाने के एक अधिकारी ने मुताबिक, पुलिस ने 11 फरवरी को भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत इस घटना के संबंध में मामला दर्ज कर लिया है। इस संबंध में प्रधानाचार्य ने सोमवार को एक रिपोर्ट दी, जिसमें छात्र की शिकायत में उल्लेखित मुद्दे सही होने की पुष्टि की गई।

पुलिस अधिकारी के बताया कि जैसे ही हमें रिपोर्ट मिली, हमने मामले में रैगिंग की धाराएं भी जोड़ दीं। उन्होंने बताया कि घटना के संबंध में एक रिपोर्ट जल्द ही कोर्ट को सौंपी जाएगी और कार्रवाई की जाएगी।

## कांग्रेस देश के दुश्मनों के साथ है : विष्णु देव साय

**रायपुर.** 'इंडियन ओवरसीज कांग्रेस' के अध्यक्ष सैम पित्रोदा के चीन पर दिए बयान पर विवाद बढ़ता ही जा रहा है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंगलवार को पित्रोदा के चीन पर दिए गए बयान की कड़ी निंदा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि पित्रोदा के बयान से अब यह साफ हो गया है कि कांग्रेस का 'हाथ' अलगाववादियों और देश के दुश्मनों के साथ है। उन्होंने कांग्रेस से यह भी पूछा कि यदि वह अपने नेता पित्रोदा के बयान से सहमत नहीं है तो क्या वह उन्हें पार्टी से निकालेगी? साय ने एक बयान में कहा, 'कांग्रेस के 'हाथ' सीधे तौर पर अलगाववादियों, देश के दुश्मनों के साथ हैं। कांग्रेस के विदेशी विभाग के प्रमुख सैम पित्रोदा को शायद देश के दुश्मनों का हाथ मजबूत करने के लिए ही रखा गया है।

# खैबर पख्तूनख्वा में पाकिस्तानी सेना को लगा बड़ा झटका

> आतंकियों ने 4 सैनिकों ढेर कर दिया

**पाराचिनार.**



पाकिस्तान में फिर आतंकी हमला हुआ है। अशांत उत्तर-पश्चिम क्षेत्र में पाकिस्तानी सेना की राहत सामग्री ले जा रहे ट्रकों पर पहले हुए हमले का जवाब दे रहे सुरक्षा बलों पर घात लगाकर आतंकवादियों ने हमला किया है। इस दौरान हुई गोलीबारी में चार पाकिस्तानी सैनिक मारे गए हैं। अधिकारियों ने मंगलवार को इस बारे में जानकारी दी है।

**कुर्रम जिले में हुआ हमला:** यह हमला अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कुर्रम जिले में राहत सामग्री ले जा रहे ट्रकों के काफिले पर सोमवार को हुए हमले के जवाब में अधिकारियों द्वारा अतिरिक्त बल भेजे जाने के कुछ ही घंटों बाद हुआ।

ट्रकों पर किए गए हमले में एक चालक और सुरक्षा अधिकारी की मौत हो गई थी। अधिकारियों ने बताया कि कुर्रम में रात भर हुए हमले में कुछ सुरक्षा कर्मी भी घायल हुए हैं। यहां हाल के महीनों में शिया और सुन्नी कबीलों के बीच झड़पों में कम से कम 130 लोग मारे गए हैं। ट्रकों को लूट और जला दिया अधिकारियों ने बताया कि कुर्रम के मुख्य शहर पाराचिनार की ओर जा रहे कई ट्रकों को लूट लिया गया और जला दिया गया।

पाराचिनार के एक अस्पताल के चिकित्सक कैसर अब्बास ने बताया कि उन्हें सोमवार रात कुर्रम से चार जवानों के शव मिले। वहीं अधिकारियों ने बताया कि हमलों के दोषियों को पकड़ने के लिए बड़े पैमाने पर अभियान की योजना बनाई जा रही थी। फिलहाल, किसी भी समूह ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन सुन्नी उग्रवादियों पर संदेह जताया जा रहा है।

कुर्रम के कुछ हिस्सों में शिया मुसलमानों का वर्चस्व है, हालांकि वो पाकिस्तान के शेष हिस्सों में अल्पसंख्यक हैं, जहां सुन्नी बहुसंख्यक हैं। इस क्षेत्र में सांप्रदायिक संघर्ष का इतिहास रहा है।

# खुद को हिंदू शेरनी कहने वाली खुशबू पांडेय गिरफ्तार

**जमुई.**



जमुई में दो समुदायों के बीच हिंसक झड़प मामले में तीन थाने की पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी करके खुशबू पांडेय को गिरफ्तार कर लिया है। खुद को हिंदू शेरनी कहने वाली खुशबू पांडेय पर भड़काऊ भाषण देने और आपत्तिजनक नारेबाजी करने का आरोप है। खुशबू पांडेय को भारी पुलिस बल के साथ सोमवार की रात करीब 9 बजे गिरफ्तार किया गया।

**खुशबू पांडेय पर भड़काऊ भाषण देने का आरोप:** पुलिस के अनुसार, खुशबू पांडेय पर झाझा थाना क्षेत्र के बलियाडीह गांव में दो समुदायों के बीच हुए हिंसक झड़प के दौरान भड़काऊ भाषण देने और आपत्तिजनक नारेबाजी करने का आरोप है।

कड़ी सुरक्षा के बीच पुलिस टीम द्वारा खुशबू पांडेय का मेडिकल जांच सदर अस्पताल में कराया गया।

**नगर परिषद जमुई के उपाध्यक्ष समेत पांच के खिलाफ केस दर्ज:** जमुई हिंसा मामले में बिहार पुलिस के एसआई नंदन राय द्वारा पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया गया था। जिसमें खुशबू पांडेय के अलावा नगर परिषद जमुई के उपाध्यक्ष नीतीश कुमार सहित पांच लोग शामिल हैं।

पुलिस हिंसा में शामिल लोगों पर कड़ा एक्शन ले रही है। दरअसल खुश्बू पांडेय रविवार को हनुमान चालीसा का पाठ करने अपने दो दर्जन से अधिक सहयोगियों के साथ झाझा थाना क्षेत्र के बलियाडीह गांव गई थी, जहां से पाठ करने के बाद लौटने के दौरान मस्जिद के पास दो समुदायों के बीच हिंसक झड़प हो गई थी। इस दौरान दोनों तरफ से जमकर पत्थराव भी हुआ था।

तभी खुशबू पांडेय द्वारा भड़काऊ भाषण और आपत्तिजनक नारा लगाया गया था।

# अपने बच्चों को अग्रेज़ी पढ़ाएंगे, दूसरे के बच्चों को कठमुल्ला, मौलवी बनाएंगे

**लखनऊ.**



यूपी विधानसभा का बजट सत्र आज से शुरू हो गया। पहले ही दिन विपक्ष ने जमकर हंगामा किया। सदन की कार्यवाही में हिंदी अवधी भोजपुरी को सदन का हिस्सा बनाकर सदस्यों को विधानसभा अध्यक्ष द्वारा समझाने के क्रम में माताप्रसाद पांडेय द्वारा अंग्रेज़ी को सदन की कार्यवाही में शामिल करने पर आपत्ति जताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर जमकर हमला बोला। सीएम ने कहा कि समाजवादियों का यही दोहरा चरित्र है,अपने बच्चों को इंग्लिश पब्लिक स्कूल में भेजेंगे और दूसरे के बच्चों को गांव के विद्यालय में पढ़ने को कहेंगे। अपने बच्चों को अंग्रेज़ी माध्यम में पढ़ाएंगे,और दूसरे को कहेंगे उर्दू पढ़ाओ, कठमुल्ला,मौलवी बनाना चाहते हैं, यह नही चलेगा। इससे पता चल जाता है कि जाकी रही भावना जैसी।

**सीएम योगी ने भाषा को लेकर कही ये बात:** सीएम ने आगे कहा, इसीलिए आपने कल अवधी भोजपुरी बुंदेली भाषा का विरोध किया था। हमारी सरकार में विभिन्न बोलियों ब्रज, भोजपुरी, अवधी, बुंदेलखंडी को सम्मान मिल रहा है। हमारी सरकार में अलग अलग एकेडमी का गठन भी हो रहा है, यह सभी हिंदी की उपभाषा हैं, यानी हिंदी की बेटियां हैं। यह सदन विशुद्ध साहित्यिक और व्याकरण के विद्वानो का नही हैं। इस सदन में अलग अलग समाज से सदस्य यहां विभिन्न तबके से आये हैं। अंतिम पायदान के व्यक्ति की आवाज़ को सदन में मुखरता मिले, इसके लिए अगर व हिंदी में असमर्थ है तो अवधी, बुंदेलखंडी,भोजपुरी जिसमे समर्थ हो बोल सकता है।

**विपक्ष पर साधा निशाना:** हम अभिनन्दन करते है कि इन बोलियों को सम्मान मिले, इसके लिये हमने अकादमियों का गठन किया। आज दुनिया मे भारत के प्रवासी जो मॉरीशस फिजी में रह रहें है यही अवधी भाषाई लोग हैं। आप हर अच्छे कार्य का विरोध करते हैं, हम इसकी निंदा करते है, हमारी सरकार का मानना है कि इन बोलियों को सदन की प्रोसिडिंग में होना चाहिए।

# एंजी ने खुद सोशल मीडिया पर दी अपनी मौत की खबर





पूर्व मिस एशिया ब्यूटी क्वीन की सोशल मीडिया पर अपने फैंस के लिए एक दिल दहला देने वाला मैसेज पोस्ट करने के बाद दुखद मौत हो गई। 33 साल की टीवी स्टार एंजी मोराद को अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी के दौरान वायरल इंफेक्शन हो गया था। टीवी नाटकों में अपने रोल के लिए मशहूर सीरियाई एक्ट्रेस को जनवरी में आईसीयू में भर्ती कराया गया था। लेकिन दुख की बात है कि वायरल इंफेक्शन के कारण उनकी मौत हो गई। फेसबुक पर एक मैसेज पोस्ट करने के बाद उनके फैंस उनकी सेहत को लेकर परेशान होने लगे। उन्होंने पोस्ट में लिखा: "मैं मर रही हूं, मुझे माफ कर दो।" कथित तौर पर आईसीयू में ले जाने से पहले स्टार निमोनिया से जूझ रही थीं। कहा जा रहा है कि प्रेग्नेंसी के दौरान उनकी हालत खराब हो गई थी, जिससे फेफड़ों में इंफेक्शन पैदा हो गया। बाद में दुखी पति समीर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया: "एंजी जिंदगी और मौत के बीच एक मुश्किल सिचुएशन में है। कृपया उसके लिए प्रार्थना करें।" टीवी एक्ट्रेस एंजी मोराद की 9 फरवरी को अस्पताल में मौत हो गई। उनकी मां ने सोशल मीडिया पर उसकी मौत की पुष्टि करते हुए कहा: "भगवान तुम पर दया करें, मेरी बेटी।" एंजी का जन्म 1992 में सीरिया की राजधानी दमिश्क में हुआ था। हायर इंस्टीट्यूट ऑफ ड्रामेटिक आर्ट्स से ग्रैजुएशन करने के बाद, उन्होंने 2007 में अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की। वह सीरियाई ड्रामा सीरीज जैसे बाका दाव 13 और अल-गरीब में अपने रोल के लिए जानी जाती हैं। टीवी स्टार को 2017 में इंटरनेशनल पब्लिसिटी मिली जब उन्हें मिस एशिया वर्ल्ड का ताज पहनाया गया। उनके पति और एक छोटी बेटी हैं।

# मांग में सिंदूर भरकर फरार हो गया लड़का



हाल ही में बिहार से एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें ऑरकेस्ट्रा डांसर के साथ एक शख्स ने शादी कर ली थी। जी हां, किसी समारोह के दौरान एक महिला जो कि डांसर है वो डांस कर रही थी कि तभी एक लड़का स्टेज पर आता है। इस लड़के के द्वारा उस लड़की की मांग में सिंदूर भर दिया जाता है। वीडियो के सामने आते ही ये पूरे देश में आग की तरह वायरल हो गया और अब फिर से एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में एक वही लड़की नजर आ रही है और उसका कहना है कि वो शख्स अब फरार है। इस वीडियो के सामने आने के बाद पता चला है कि लड़के का नाम गुलशन है और वो मांग में सिंदूर भरने वाली रात से ही गायब है। इस डांसर लड़की ने वीडियो काफी कुछ कह डाला है। लड़की का कहना है, ''गुलशन के बारे में हमे भी नहीं पता। हम लोग का दो तीन दिन बहुत अच्छे से बात हुआ और फिर वो फोन बंद कर चुका है। उसके बाद से हमें पता ही नहीं है कि कहां है वो। हम बस इतना ही चाहते हैं कि अगर आप लोग चाहते हैं कि हम गुलशन के साथ रह लें तो आप देख सकते हैं कि उसकी वजह से कैसा हाल हो गया।'' वायरल हो रहे वीडियो में लोगों ने कई तरह के कमेंट्स किए हैं। एक ने लिखा, ''वही मैं सोचूं कि इस कलयुग में इतने अच्छे मर्द कहां से आ गए। एक ने लिखा, गुलशन की दारू उतर गई होगी।'' एक ने लिखा, ''बहन उसके घर पे चली जाओ।'' एक ने लिखा, ''शादी कर ली थी तो क्या प्रॉबलम है।'' एक ने लिखा, ''फूल जैसा चेहरा मुरझा गया है सिंदूर टिका के कौन भाग जाता है भाई।'' एक ने लिखा, ''गुलशन के घरवाले ने गुलशन की दारू उतार दी हैं इसलिए अब गुलशन तड़ीपार है।''

# शिव की भक्ति में लीन हुए अक्षय



जहां सभी लोग महाकुंभ के स्नान में जुटे हुए हैं, वहीं कुछ वक्त बाद ही सभी महादेव की भक्त में रंगें नजर आने वाले हैं. हालांकि, लोगों से पहले भगवान शिव की भक्ति में बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार लीन नजर आ रहे हैं. उन्होंने 26 फरवरी को आने वाले शिवरात्रि से पहले भगवान शिव पर एक गाना रिलीज किया है, जिसकी अनाउंसमेंट उन्होंने कल यानी 17 फरवरी को अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर कर दी थी. खास बात ये है कि इस गाने को अक्षय कुमार ने पलाश सेन के साथ मिलकर गाया है. 18 फरवरी को अक्षय कुमार का भक्ति में रमा गाना रिलीज किया गया है, इस गाने का टाइटल 'महाकाल चलो' है. गाने के बारे में बात करें, तो इसे विक्रम मोंट्रो ने कंपोज किया है और अक्षय कुमार, पलाश सेन के साथ ये गाना भी गाया है.

वहीं इस गाने की लिरिक्स शेखर अस्तित्व ने लिखी है. एक्टर ने जब ये पोस्टर रिलीज किया, जिसमें वो शिवलिंग पकड़े नजर आए थे. इस गाने की लाइन में महाकाल चलने की बात की जा रही है, जो कि उज्जैन में बसा हुआ है. 'महाकाल चलो' म्यूजिक वीडियो 3 मिनट 14 सेकेंड का है, अक्षय ने इस गाने को अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है.

इस पोस्ट में लोग गाने की तारीफ करते नजर आ रहे हैं. वहीं कुछ वक्त पहले पलाश सेन ने अपने इंस्टा पर पोस्ट के जरिए इस गाने के कोलैबोरेशन के लिए अक्षय कुमार को एक लेटर लिखकर पोस्ट किया है. सिंगर ने अपने इस पोस्ट में अक्षय कुमार और म्यूजिक वीडियो में शामिल बाकी लोगों को शुक्रिया अदा किया हुआ है.

# बच्चन परिवार के सदस्य पर लगे आत्महत्या के आरोप



बॉलीवुड एक्टर अमिताभ बच्चन का परिवार बीते कई महीनों से ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन की वजह से सुर्खियों में बना हुआ है. बीते कई महीनों से दावा किया जा रहा है कि ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन का तलाक हो गया है. कई बार साथ आकर ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन ने इस खबरों का खंडन करने की कोशिश की है. हालांकि फैंस को अब भी बॉलीवुड के इस कपल पर शक है. इसी बीच ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन के परिवार को लेकर एक और बड़ी खबर आ रही है. ताजा मिल रही जानकारी की मानें तो अमिताभ बच्चन के परिवार के एक सदस्य पर धोखाधड़ी और आत्महत्या करने को उकसाने के आरोप लगाए गए हैं. यहां हम बात कर रहे हैं अमिताभ बच्चन के खानदान के दामाद निखिल नंदा की जो कि श्वेता नंदा के पति हैं.

# 'उसके दिमाग में ही गंदगी'

## सुप्रीम कोर्ट ने रणवीर इलाहाबादिया को लताड़ा



समय रैना के डार्क कॉमेडी शो में विवादित और आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर रणवीर इलाहाबादिया विवादों में फंसे हुए हैं. उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज हो गई है, लेकिन अब तक वह पुलिस के हाथ नहीं लगे हैं. हालांकि, उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की, जिस पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने रणवीर को कड़ी फटकार लगाई है. कोर्ट ने रणवीर के शब्दों को समाज के खिलाफ बताया. इतना ही नहीं, सुप्रीम कोर्ट ने यह भी पूछा है, 'अगर ये अश्लीलता नहीं है तो क्या है? हमें आपके खिलाफ दर्ज एफआईआर को क्यों रद्द करना चाहिए?'

आइए आपको 10 प्वाइंट में बताते हैं कि रणवीर को सुप्रीम कोर्ट से क्या क्या कहा गया? सुप्रीम कोर्ट ने रणवीर इलाहाबादिया को आदेश दिया है कि उन्हें अपना पासपोर्ट थाने में जमा करवाना होगा. अब वह बिना इजाजत के देश से बहार कहीं नहीं जा सकते हैं. रणवीर को सुप्रीम कोर्ट की तरफ से आदेश मिला है कि उन्हें उनके खिलाफ दर्ज शिकायतों में पुलिस और जांच एजेंसियों के साथ सहयोग करना होगा. सुप्रीम कोर्ट ने यह भी फैसला सुनाया है कि रणवीर के खिलाफ आपत्तिजनक बयान पर शिकायत हो चुकी है और अब कोई भी नहीं एफआईआर दायर नहीं होगी. सुप्रीम कोर्ट की तरफ से रणवीर इलाहाबादिया को गिरफ्तारी



से राहत दी गई है.

अगर कोई नई एफआईआर होती है तो भी रणवीर को गिरफ्तार नहीं किया जा सकता है. रणवीर को सुप्रीम कोर्ट की तरफ से एक नया झटका भी मिला है. जब तक ये मामला चलता रहेगा, रणवीर अपने शो से जुड़ा कोई भी वीडियो जारी नहीं कर सकते हैं. सुप्रीम कोर्ट रणवीर इलाहाबादिया को लताड़ लगाते हुए कहा कि उनके दिमाग में गंदगी भरी हुई है, जो अब उन्होंने यूट्यूब पर निकाल दी है. सुप्रीम कोर्ट की तरफ से रणवीर के वकील से तीखा सवाल किया गया और पूछा, 'समाज के कुछ स्व-विकसित मूल्य हैं. आपको उनका सम्मान करने की जरूरत है.'

ये भी पूछा कि क्या आप समाज का पैरामीटर जानते हैं? सुप्रीम कोर्ट से रणवीर को चेतावनी देते हुए कहा कि देश में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर किसी को भी समाज के मानदंडों के खिलाफ कुछ भी बोलने की इजाजत नहीं है. सुप्रीम कोर्ट में रणवीर के वकील की तरफ से कहा गया कि उन्हें धमकी मिली है. इस पर कोर्ट की तरफ से कहा गया कि यदि आप अपमानजनक भाषा का उपयोग करके सस्ता प्रचार प्राप्त कर सकते हैं, तो धमकी देने वाला भी सस्ता प्रचार कर रहा है. सुप्रीम कोर्ट ने रणवीर के बयान पर नाराजगी जाहिर की है और सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबादिया के वकील से पूछा कि 'अश्लीलता और फूहड़ता के मापदंड क्या हैं'?

# कार्तिक आर्यन की लापरवाही से खतरे में पड़ गई थी बहन की जान



कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'आशिकी 3' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं. फिलहाल इस फिल्म के टाइटल को लेकर बहसबाजी चल रही है और अभी फिल्म का नाम 'आशिकी 3' कन्फर्म नहीं है. इसी बीच इसका टीजर भी रिलीज कर दिया गया है. टीजर में कार्तिक के लुक से लेकर उनकी को-स्टार श्रीलीला तक बेहतरीन लगे हैं. कार्तिक शानदार एक्टिंग तो करते ही हैं, साथ ही उनको हंसमुख स्वभाव के लिए भी जाना जाता है. वो बहुत मस्ती-मजाक करते हैं और बचपन में बहुत शरारती रहे हैं. कुछ वक्त पहले कार्तिक की मां ने उनके बचपन का हैरान कर देने वाला किस्सा सुनाया था.

गलाटा इंडिया के साथ बातचीत में कार्तिक आर्यन की मां माला तिवारी ने बताया था कि बचपन में एक्टर की एक शरारत की वजह से उनकी बहन की जान पर बन आई थी. माला तिवारी ने बताया था कि कार्तिक हमेशा से जिज्ञासु किस्म के थे और वो अलग-अलग एक्सपेरिमेंट करते थे. एक बार उन्होंने कुछ ऐसा किया जिसकी वजह से उनको बहुत डांट पड़ी थी. कार्तिक आर्यन की मां माला तिवारी अक्सर एक्टर से जुड़े कई मजेदार दिलचस्प किस्से शेयर करती रहती हैं. वहीं कार्तिक भी अपनी मां के साथ फोटो और उनसे जुड़े किस्से शेयर करते रहते हैं.

कार्तिक की बहन कृतिका भी अक्सर भाई के साथ सोशल मीडिया पर नजर आ जाती हैं. इससे पहले 'भूल भुलैया 3' एक्टर और उनकी मां कपिल शर्मा के शो पर भी साथ में आए थे और इस दौरान भी माला तिवारी ने एक्टर के बारे में कई खुलासे किए थे. कार्तिक आर्यन की पिछली फिल्म 'भूल भुलैया 3' थी, जिसने बॉक्स ऑफिस पर बंपर कमाई की थी. माला तिवारी ने कहा था, "एक दिन उसने डिओडरेंट की बॉटल पर आग का निशान देखा और उसने ये जानने के लिए इसका टेस्ट करना चाहा कि क्या सच में इससे आग लगती है या नहीं. उसने बहन किट्टू से एक मोमबत्ती जलाने के लिए कहा और फिर उसकी फ्लेम की तरफ डियोडोरेंट को स्प्रे कर दिया. इसके बाद तो किट्टू के बालों में आग लग गई थी. हालांकि बाद में उसने आग बुझा दी थी, लेकिन कार्तिक को इसके लिए बहुत डांट पड़ी थी."

# रश्मिका मंदाना को विजय ने वैलेंटाइन पर भेजा फूलों का गुलदस्ता?



रश्मिका मंदाना साउथ फिल्म इंडस्ट्री की एक टॉप एक्ट्रेस बन चुकी है और आपको बता दें कि अभी के वक्त में वह बॉलीवुड इंडस्ट्री पर भी राज कर रही है। हाल ही में विक्की कौशल के साथ में उनकी फिल्म 'छावा' रिलीज हुई है जो बॉक्स ऑफिस पर अच्छा खासा प्रदर्शन कर रही है। फिल्म में एक्ट्रेस की किरदार को काफी पसंद किया गया है। जानकारी के लिए आपको बता दें कि हाल ही में वैलेंटाइन डे निकल कर गया है और अब इसी बीच रश्मिका मंदाना ने भी अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से एक बहुत ही प्यारी सी स्टोरी शेयर की है। रश्मिका ने स्टोरी शेयर करते हुए गुलाब के फूलों का गुलदस्ता शेयर किया है और इसके साथ में एक मैसेज भी लिखा है। रश्मिका को यह फूलों का गुलदस्ता उनके किसी दोस्त ने दिया है और यहां पर एक्ट्रेस ने थैंक यू कहते हुए एक नोट लिखा कि "तुम्हें अच्छे से मालूम है कि मेरे चेहरे पर मुस्कुराहट कैसे लानी है। पापालु।" अब रश्मिका मंदाना द्वारा शेयर की गई इस तस्वीर को देखने के बाद में अब काफी सारे लोगों का कहना है कि यह फूल विजय देवरकोंडा ने उनको भेजे हैं। हालांकि रश्मिका मंदाना ने अभी तक इस बात की कोई भी पुष्टि नहीं की है कि वह विजय देवरकोंडा के साथ में रिलेशनशिप में है भी या नहीं। लेकिन रश्मिका की इस स्टोरी को देखने के बाद में उनके फैन्स काफी एक्साइटेड हो गए हैं और काफी सारे लोग तो यह भी प्रयास लग रहे हैं की एक्ट्रेस जल्दी ही विजय के साथ में शादी कर सकती हैं।





# सलमान खान और संजय दत्त हॉलीवुड फिल्म में साथ नजर आएंगे

पुष्पा 2 से लेकर छावा तक बड़ी-बड़ी फिल्मों के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के सामने कहीं आप सलमान खान का स्टारडम तो नहीं भूल गए. अगर भूल गए हैं तो रुकिए क्योंकि भले ही उनकी पिछली कुछ फिल्में बहुत बड़ी हिट न हुई हों, लेकिन इसका मतलब ये नहीं है कि उन्हें लाइमलाइट से बाहर कर दिया गया है. फिल्में हिट हों या न हों सलमान खान हमेशा कुछ न कुछ वजहों से हिट सुर्खियों का हिस्सा जरूर रहते हैं. अब इतनी बड़ी खबर आई है जिसे सुनकर आप पुष्पा 2 और छावा की बात करना भूल जाएंगे. दरअसल सलमान खान हॉलीवुड फिल्म में दिखने वाले हैं. बात सिर्फ इतनी सी नहीं है इससे भी बड़ी है. असल में इस फिल्म में उनके साथ संजय दत्त भी होंगे. मिड डे में छपी खबर के मुताबिक, सलमान खान और संजय दत्त एक हॉलीवुड फिल्म में कैमियो करने वाले हैं. वेबसाइट ने लिखा है कि दोनों 17 फरवरी को शूट के लिए सऊदी अरब पहुंच चुके हैं और 19 फरवरी तक अपना शूट खत्म कर लेंगे. वेबसाइट ने सूत्रों के हवाले से लिखा है कि ये अमेरिकन फिल्म एक थ्रिलर फिल्म होगी जिसका बजट काफी ज्यादा होगा. इसकी शूटिंग AlUla Studios में होगी जिसे हाल में ही लॉन्च किया गया है. ये स्टूडियो फिल्मों के निर्माण से जुड़ी सारी सुविधाएं मुहैया कराता है. सलमान खान-संजय दत्त को इंडिया में जितना पसंद किया जाता है उतनी ही फैन फॉलोविंग उनकी मिडिल ईस्ट में भी है. सूत्रों के हवाले से मिड डे ने लिखा है कि हॉलीवुड निर्माताओं ने उनकी सीन्स को कुछ इस तरह से डिजाइन किया जाएगा जो वर्ल्डवाइड लोगों को पसंद आएं. हालांकि, मेकर्स ने इस पर अभी कोई खुलासा नहीं किया है. इन दोनों एक्टर्स की रियल लाइफ दोस्ती के चर्चे तो सबको पता हैं. फिल्मों में भी वो एक-दूसरे को सपोर्ट करते नजर आते रहे हैं. दोनों ने साथ में 1991 की साजन जैसी सुपरहिट फिल्म दी थी. चल मेरे भाई से लेकर ये है जलवा और सन ऑफ सरदार तक, दोनों कई बार एक-दूसरे के साथ पर्दे पर कभी पूरी फिल्म का हिस्सा बनकर तो कभी कैमियो करते हुए दिख चुके हैं. सलमान खान की सिकंदर इसी साल ईद के मौके पर रिलीज होने वाली है. ऐसे में सलमान एक साथ दर्शकों के लिए दो-दो धमाके लेकर आने वाले हैं. तो इंतजार कीजिए सलमान को हॉलीवुड फिल्म में जादू फैलाते देखने के लिए.

# बिग बॉस-18 की एक्स कंटेस्टेंट संग हुआ भयानक हादसा



सलमान खान के रियलिटी शो बिग बॉस 18 से घर घर में मशहूर हुई ईडन रोज के साथ मुंबई की सड़कों पर एक भयानक घटना हुई है, जिसका खुलासा एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में किया है. ईडन ने खुलासा किया है कि उन्हें मुंबई की सड़कों पर एक शराबी इंसान का सामना करना पड़ा, जो उनका आधी रात में पीछा कर रहा था. इस घटना के बाद एक्ट्रेस ने महिला सुरक्षा का मुद्दा उठाते हुए प्रशासन पर सवाल उठाया है. इतना ही नहीं, उन्होंने लोगों से कहा है कि लेटेंट छोड़ो महिला सुरक्षा पर ध्यान दो. ईडन रोज ने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट पर एक लंबा चौड़ा पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने आधी रात हुए हादसे का खुलासा किया. उस भयानक हादसे के बारे में ईडन ने लिखा, 'मैं 2020 से मुंबई में रह रही हूं, लेकिन कभी भी मैंने इस शहर में असुरक्षित महसूस नहीं की. मैं रात हो या दिन... कभी ऐसा महसूस नहीं किया. मैं पहले ही बता दूं कि मैंने इस बार मैंने फुल ट्रैक सूट पहना था और मास्क भी लगाया था. मेरी आंखों के अलावा कुछ भी नजर नहीं आ रहा था. मैं और मेरी दोस्त बांद्रा से जुहू के बीच चिल कर रहे थे. हम रिक्शे में थे और कोई हमें पहचान भी नहीं पा रहा था, लेकिन इस बार मामला ये नहीं है. जैग्वार में एक शख्स ने हमें करीब 20 मिनट तक फॉलो किया. वो बार बार अपनी कार की पोजीशन को बदल रहा था. वो शराब के नशे में धुत था और हमारा लगातार पीछा कर रहा था.